P372

आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650

इंदौर, बुधवार 19 अगस्त 2026
■ वर्ष : 5 ■ अंक : 252
■ पृष्ठ : 6 ■ मूल्य : 2

dainikindoresanket.com
dainikindoresanket
dainikindoresanket
dainikindoresanket24@gmail.com

सांध्य दैनिक
# इंदौर संकेत



राष्ट्रपिता को नमन...

**अंदर के पन्नों पर...**

स्मार्ट सिटी के नाम पर इंदौर में अधिकारियो...



पेज-2

उम्र और अनुभव के साथ बदल गई है ...



पेज-5

सीएम हेल्पलाइन की शिकायत से भड़की प्राचार्य



पेज-6

## शिवराज की सक्रियता : नई राजनीति या पुरानी जमीन बचाने की रणनीति ?

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की नजर आज भी भोपाल पर टिकी हुई है। साल 2023 के विधानसभा चुनाव के बाद राज्य की कमान अचानक मोहन यादव को सौंप दी गई। शिवराज भले ही दिल्ली चले गए, लेकिन उनका मन आज भी मध्य प्रदेश की राजनीति में बसा है।

सोशल मीडिया पर मामा के दर्जनों पेज आज भी बहुत तेजी से प्रमोट किए जा रहे हैं। इन डिजिटल पेजों के जरिए प्रदेश की जनता के बीच मामा की मौजूदगी लगातार बनी हुई है। हर छोटे-बड़े मुद्दे पर शिवराज का बयान तुरंत आता है और सोशल मीडिया पर छा जाता है। राजनीतिक पंडित मानते हैं कि शिवराज अपनी बनी-बनाई जमीन को किसी कीमत पर छोड़ना नहीं चाहते हैं।

**सोशल मीडिया का ये खेल आखिर क्या इशारा कर रहा है?**

शिवराज के आधिकारिक हैंडल्स के अलावा कई अनौपचारिक पेज भी राज्य में दिन-रात एक्टिव चल रहे हैं। इन सभी पेजों पर एक ही समय में शिवराज के भाषण और दौरे प्रमोट किए जा रहे हैं। यह महज समर्थकों का प्यार है या फिर एमपी में एक्टिव ब्रांड बने रहने की सोची-समझी रणनीति? अगर पेड प्रमोशन के जरिए कंटेंट फैलाया जा रहा है, तो इसके सियासी मायने जरूर निकाले जाएंगे।

**पीएम मोदी से हुई शिकायत ने बढ़ा दी मोहन यादव की चिंता?**

सूत्रों के मुताबिक शिवराज ने पीएम मोदी से राज्य के कृषि कार्यक्रमों की शिकायत दर्ज कराई थी। उनका कहना था कि केंद्रीय कृषि मंत्री होने के बाद भी उन्हें राज्य में तवज्जो नहीं मिल रही। इस शिकायत के बाद से ही बीजेपी के भीतर दो पावर सेंटर बनने की खबरें काफी तेज हो गईं।

मुख्यमंत्री मोहन यादव को अपनी एक नई और स्वतंत्र राजनीतिक पहचान बनाने की बेहद सख्त जरूरत है। अगर हर बड़े किसान मंच पर शिवराज छाए रहेंगे, तो मोहन यादव का सियासी स्पेस खत्म हो जाएगा।



### मूंग खरीदी का विवाद : क्या अपने ही बयान में घिरी सरकार ?

हाल ही में मध्य प्रदेश में मूंग खरीदी को लेकर किसानों ने एक बड़ा आंदोलन छेड़ दिया था। तब केंद्रीय मंत्री शिवराज ने कहा कि केंद्र सरकार सिर्फ एक सीमित मात्रा में ही मूंग खरीदेगी। बाकी बची हुई फसल को खरीदने की पूरी जिम्मेदारी राज्य सरकार यानी मोहन सरकार को उठानी होगी। शिवराज के इस बयान से गेंद सीधे मुख्यमंत्री मोहन यादव के पाले में जाकर अचानक गिर पड़ी। किसान को सिर्फ अपनी फसल बेचने से मतलब है, भुगतान कौन सरकार करती है इससे फर्क नहीं पड़ता। शिवराज के इस तकनीकी जवाब ने मोहन सरकार पर भारी राजनीतिक दबाव बनाकर खड़ा कर दिया।

### मध्य प्रदेश में दो पावर सेंटर! मोहन यादव के सामने असली चुनौती

फिलहाल शिवराज सिंह चौहान और मोहन यादव के बीच कोई खुला टकराव सामने नजर नहीं आ रहा। पर मोहन यादव के पास सरकार की ताकत है और शिवराज के पास जनता का जबरदस्त प्यार। जब भी किसान नाराज होते हैं, लोग यही पूछते हैं कि शिवराज सीएम होते तो क्या करते? लाड़ली बहना योजना का जिक्र आते ही जनता के जुबान पर आज भी मामा का नाम आ जाता है। मोहन यादव के सामने असली चुनौती शिवराज के इस विशाल सियासी साये से खुद को बाहर निकालना है।

### क्या शिवराज फिर से लौटेंगे मध्य प्रदेश की सत्ता की ओर ?

शिवराज के पास आज 1.40 लाख करोड़ के विशाल बजट वाला केंद्रीय कृषि जैसा बड़ा मंत्रालय है। राष्ट्रीय राजनीति में उनका कद और दायरा अब पहले से काफी ज्यादा बड़ा और मजबूत हो चुका है। इसका मतलब यह बिल्कुल नहीं कि वह तुरंत वापस मुख्यमंत्री पद की रेस में शामिल होना चाहते हैं। लेकिन वह मध्य प्रदेश की अपनी सबसे मजबूत राजनीतिक जमीन को भी खाली बिल्कुल नहीं छोड़ेंगे।

---

## महाकाल मंदिर के ओवरब्रिज पर जंपिंग टेस्ट, 200 गार्डों से कराई उछल-कूद

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** ● महाकाल मंदिर परिसर में नागपंचमी पर श्रद्धालुओं की आवाजाही के लिए बनाए गए 91 फीट लंबे फुट ओवरब्रिज का जंपिंग टेस्ट चर्चा में है। ब्रिज की मजबूती जांचने के लिए करीब 200 सुरक्षा गार्डों से एक साथ उछल-कूद करवाई गई, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। महाकाल मंदिर परिसर में नागपंचमी पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए बनाया गया 91 फीट लंबा फुट ओवरब्रिज अब विवादों के घेरे में है। ब्रिज की क्षमता जांचने के लिए 200 सुरक्षा गार्डों से एक साथ 10 मिनट तक उछल-कूद करवाने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। मिली जानकारी के अनुसार, नागपंचमी के मौके पर लाखों श्रद्धालुओं को नागचंद्रेश्वर मंदिर तक ले जाने के लिए यह ब्रिज बनाया गया था। ब्रिज पर भारी भीड़ का दबाव रहेगा, इसे देखते हुए पीडब्ल्यूडी ने इसकी मजबूती परखने के लिए यह टेस्ट करवाया। इस मामले पर पीडब्ल्यूडी के कार्यपालन यंत्री अजय यादव ने बताया कि यह एरो ब्रिज उज्जैन विकास प्राधिकरण द्वारा बनाया गया था। इसकी मजबूती के लिए सेतु विभाग एवं कार्यपालन यंत्री, पीडब्ल्यूडी की ओर से पत्र मिला था। साथ ही कलेक्टर रोशन कुमार सिंह द्वारा भी इस ब्रिज की मजबूती परखने के लिए जंपिंग टेस्ट करवाने के आदेश दिए गए थे। उन्होंने बताया कि इस ब्रिज पर एक दिन में ही लाखों श्रद्धालु तेजी से गुजरते हैं और दौड़ लगाते हैं। ऐसे में कहीं कंपन जैसी स्थिति तो नहीं बन रही है या ब्रिज किसी हादसे का कारण तो नहीं बन सकता है, यह जांचना जरूरी था।

### ओवैसी ने उठाए सवाल



## इंदौर में घने बादल, कहीं बूंदाबांदी-कहीं रिमझिम बारिश

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● शहर में बुधवार सुबह से मौसम बदला हुआ है। आसमान में घने बादल छाए हुए हैं और शहर के अलग-अलग हिस्सों में कहीं बूंदाबांदी तो कहीं रुक-रुककर रिमझिम बारिश हो रही है। हालांकि अब तक तेज बारिश का दौर शुरू नहीं हुआ है। अगस्त के 18 दिन गुजरने के बावजूद शहर में इस महीने करीब 2 इंच ही बारिश दर्ज हुई है। इससे मानसून की रफ्तार को लेकर चिंता बढ़ गई है। इस सीजन में इंदौर में अब तक करीब 18 इंच बारिश हो चुकी है। सामान्य तौर पर शहर में मानसून के दौरान करीब 38 इंच बारिश होती है, जबकि इस बार जरूरत कम से कम 40 इंच पानी की मानी जा रही है। ऐसे में मानसून के बचे करीब 42 दिनों में 20 इंच से ज्यादा बारिश की जरूरत होगी। अगस्त में अब तक मौसम का मिजाज ऐसा रहा है कि बादल तो लगातार आते-जाते रहे, लेकिन तेज बारिश का सिस्टम नहीं बन पाया। पिछले करीब एक सप्ताह से शहर में बूंदाबांदी और रिमझिम का दौर ही देखने को मिल रहा है। मंगलवार को दिनभर मौसम अपेक्षाकृत साफ रहा, जबकि बुधवार सुबह से फिर घने बादल छाए हुए हैं। इंदौर के आसपास के कई जिलों में अच्छी बारिश होने के बावजूद शहर में बादल बरसने के बजाय बूंदाबांदी तक सीमित रह जा रहे हैं।

## महापौर का राजनीतिक स्ट्रोक

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● वापस आ गए, लेकिन नुकसान बहुत हो गया, जीतू यादव का भाजपा से वनवास समाप्त, मगर इधर आए और उधर समिति तो चली गई, राजस्व समिति प्रभारी निरंजन सिंह चौहान के पास, एक दम से समिति सौंपकर मेयर ने कर दिया चकित। लेकिन जीतू यादव ने इस निष्काषन पीरियड में खो तो बहुत चुके हैं। दरअसल जीतू की वापसी के साथ उनके महापौर परिषद सदस्य में वापसी के दरवाजें भी बंद हो गए हैं। क्योंकि इधर वापसी और उधर उनकी पूर्व समिति को निगम राजस्व विभाग प्रभारी निरंजन चौहान को एमआईसी बैठक में दे दी गई। जिसे लेकर अब मेयर पुष्यमित्र भार्गव के उक्त रुख को लेकर सभी चकित हैं। जबकि अब इसे लेकर चार नंबर से जोड़कर देखा जा रहा हैं।



विदित है कि एक तरफ भाजपा ने उन्हें पार्टी से बाहर कर दिया था। तो मेयर पुष्यमित्र भार्गव ने अपनी एमआईसी से भी उन्हें जिम्मेदारी मुक्त कर दिया था। लेकिन जिस तरह से जीतू यादव उभरकर आए यह विश्वास नहीं करने जैसी स्थिति है, क्योंकि उनकी धर्मपत्नी की सोशल मीडिया में संबल बांधना, जब लगभग सभी भाजपा नेता उक्त विवाद की आग से बच रहे थे। उसके बावजूद इस परिस्थिति के बाद जीतू यादव ने भाजपा में वापसी की। वह चर्चाओं का विषय हैं। क्योंकि उक्त पूरे घटनाक्रम को भाजपा के अंदरूनी क्लेश से जोड़कर देखा जा रहा था। और कयासों के बाद जीतू यादव का निष्कासन भाजपा द्वारा खत्म कर देना। इस पूरे मामले की शहरभर में चर्चा हैं। वह इसलिए क्योंकि जिस वक्त जीतू यादव कमलेश कालरा का विवाद हुआ था, उस वक्त जीतू यादव के सितारें बुलंदी पर थे।

वर्ष 2015



वर्ष 2026



**भोपाल।** कोलार डैम से मगरपाट गांव की ओर जाती इस सड़क की पहली तस्वीर 6 मार्च 2015 की है। तब पुराने और कमजोर हो रहे सागौन के पेड़ों को वन प्रबंधन की प्रक्रिया के तहत हटाकर वन विभाग ने यहां नए पौधे लगाए थे। दूर तक खाली जमीन और कतारों में छोटे-छोटे पौधे नजर आते थे। 11 साल बाद उसी जगह की तस्वीर बदल चुकी है। तब लगाए गए छोटे पौधे अब पेड़ बन चुके हैं। सड़क के दोनों ओर हरियाली फैल गई है और जहां खाली जमीन दिखती थी, वहां जंगल नया आकार ले चुका है। इस बदलाव की एक और खास बात है। 2015 में पौधरोपण के बाद की तस्वीर खींची थी और 11 साल बाद आज की हरियाली भी उन्हीं के कैमरे में दर्ज हुई है। जंगल एक दिन में नहीं बनते। हजारों छोटे पौधे, थोड़ी देखभाल और थोड़ा वक्त मिलकर पूरी तस्वीर बदल देते हैं। पौधा लगाना शुरुआत है, उसका पेड़ बनना उपलब्धि। ये दोनों तस्वीरें इसी का प्रमाण हैं- पर्यावरण के लिए की गई कोशिशों को वक्त दीजिए, वे हरी हो जाती हैं।

## कोलकाता की होटल में आग: नौ की मौत कई घायल

**कोलकाता (एजेंसी)** ● कोलकाता की मिर्जा गालिब स्ट्रीट पर एक होटल में भीषण आग लगने से एक बच्चे समेत नौ लोगों की मौत हो गई. छह अन्य लोगों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। दमकल की चार गाड़ियों ने होटल में लगी आग पर काबू पा लिया है। अग्निशमन विभाग के मुताबिक, कोलकाता की मिर्ज़ा ग़ालिब स्ट्रीट पर एक होटल में तड़के करीब 2 बजे आग लगने से 9 लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए। घटना में मरने वाले बांग्लादेशी नागरिक थे जो इलाज के लिए यहां आए थे। तारापीठ में होटल में लगी आग का असर अभी खत्म भी नहीं हुआ था कि कोलकाता के एक होटल में आग लगने की एक और घटना हो गई। यह आग न्यू मार्केट के पास एक होटल में लगी. कई लोग अंदर फंसे हुए थे. नौ लोगों को बेहोशी की हालत में बाहर निकाला गया, जिनकी मौत हो गई। शक है कि आग एसी में धमाके की वजह से लगी।

### न्यूज ब्रीफ

- कोलकाता होटल आग : पुलिस ने होटल के 2 कर्मचारियों को हिरासत में लिया
- आजम खान के ठिकानों पर ED का बड़ा एक्शन, दिल्ली से लेकर रामपुर-सहारनपुर तक 10 जगहों पर रेड
- RJD का लोक भवन मार्च आज, कई रास्तों पर आवाजाही रहेगी बंद
- किम जोंग उन से मिलने को बेताब ट्रंप! इसी साल करेंगे बड़ी मीटिंग
- भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर आज कश्मीर घाटी का करेंगे दौरा
- FBI की मोस्ट वांटेड लिस्ट में शामिल हुआ मेजर सिंह
- सेंट्रल अफ्रीकन रिपब्लिक में सोने की खदान धंसी, 30 खनिकों की मौत
- तुर्किए सैनिकों की तैनाती पर इजरायल नाराज, सीरिया को दी सख्त चेतावनी
- ईरान ने UAE के मिसाइल आरोपों को नकारा, कहा- 'बेबुनियाद' दावे न करें
- बैंक अकाउंट फ्रीज मामले में TMC सांसद अभिषेक बनर्जी की याचिका पर कलकत्ता हाईकोर्ट में आज सुनवाई
- कर्नाटक के डिप्टी CM डीके शिवकुमार आज दिल्ली में कावेरी और मेकेदातु मामलों के वकीलों से बैठक करेंगे
- विशाखापत्तनम में RSS की तीन दिवसीय अखिल भारतीय समन्वय बैठक आज से होगी शुरू
- झारखंड : रांची के कोकर बाजार पेट्रोल पंप पर देर रात ब्लास्ट, शॉर्ट सर्किट की आशंका
- कांग्रेस वर्किंग कमेटी की आज बैठक, मोदी सरकार को घेरने और विधानसभा चुनावों की रणनीति पर मंथन
- गाजा की गंभीर मानवीय स्थिति पर भारत ने जताई चिंता, फिलिस्तीन से वार्ता
- चेन्नई में आज से दक्षिणी राज्यों के मुख्यमंत्रियों की दो दिवसीय बैठक
- परीक्षा में गड़बड़ी के खिलाफ छात्र प्रदर्शन में पुलिस कार्रवाई के विरोध में RJD का आज पटना के लोक भवन तक मार्च

### रोजमर्रा की वस्तुओं पर पड़ेगा असर

## आने वाला मंहगाई का नया दौर

**नई दिल्ली (एजेंसी)** ● अगले साल और बढ़ेगी महंगाई, खाने-पीने की चीजें महंगी होंगी: रिपोर्ट अलनीनो से मानसून-खेती कमजोर होगी, ईरान-अमेरिका जंग से तेल की कीमतें बढ़ेंगी 2027 तक भारत सहित दुनियाभर में खाने-पीने की चीजों के दाम काफी बढ़ सकते हैं। यह अलर्ट मल्टीनेशनल फाइनेंशियल सर्विसेज फर्म जेपी मॉर्गन ने जारी किया है। फर्म ने दावा किया है कि अलनीनो से मानसून कमजोर होने, ईरान-अमेरिका जंग से तेल की कीमतें बढ़ने और महंगी खाद के कारण खेती पर बुरा असर पड़ सकता है।

रिपोर्ट में बताया गया कि साल 2027 की पहली छमाही में ग्लोबल स्तर पर खाने-पीने की चीजों के दाम 5% तक बढ़ सकते हैं। 2026 की पहली छमाही में गत शांतता 200 शान के लिए गत नेनानजी

कम बारिश से फसलों की पैदावार कम हो सकती है। वहीं, जंग के चलते पहले ही महंगे फर्टिलाइजर के दाम और बढ़ सकते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, महंगाई बढ़ने से भारत सरकार पर 3 लाख करोड़ रुपए की सब्सिडी का बोझ बढ़ेगा।




### चार चेहरे, एक मुलाकात... और सियासत पर लंबी चर्चा।

**इंदौर** ● मुस्कुराहटों के बीच हुई इस मुलाकात ने कई राजनीतिक चर्चाओं को जन्म दे दिया। अब सवाल यही- बात सिर्फ मुलाकात तक थी या कुछ बड़ा पक रहा है?



# स्मार्ट सिटी के नाम पर इंदौर में अधिकारियों ने 1000 करोड़ का चूना लगाया-राजेंद्र राठौर

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • स्मार्ट सिटी के नाम पर इंदौर में एक हजार करोड़ का खर्चा हुआ, लेकिन गोराकुंड में 40 करोड़ की सड़क केवल पानी लाइन फूटने से उखड़ गई। इस पर अब एमआईसी सदस्य राजेंद्र राठौर ने स्मार्ट सिटी के अधिकारियों पर जमकर आरोप लगाए हैं। इंदौर के गोराकुंड में स्मार्ट सिटी कंपनी द्वारा बनवाई गई 40 करोड़ की सड़क उखड़ गई। पानी की लाइन फूटी तो पूरी सडक ही धंस गई। स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत इंदौर में करीब एक हजार करोड़ का खर्च हुआ, लेकिन इसके काम लगातार सवालों के घेरे में हैं। हालत यह है कि स्मार्ट सिटी के पास अभी फंड तक नहीं है और ठेकेदार अपने किए काम के भुगतान के लिए चक्कर काट रहे हैं। उधर द्वद्बष् सदस्य राजेंद्र राठौर ने खुलकर अधिकारियों पर



आरोप लगाए हैं।

स्मार्ट सिटी बोर्ड में चेयरमैन पर कलेक्टर पदेन होते हैं। वहीं निगमायुक्त पदेन एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर होते हैं। इसके साथ ही इसमें केंद्र व राज्य के विविध विभागों के अधिकारी नामिनी डायरेक्टर होते हैं। राठौर ने कहा कि अब कहा जा रहा है लोन लेकर काम करेंगे, यानी दुकान चलाएंगे। अब कोई काम स्मार्ट सिटी के पास नहीं है. इसे बंद कर देना चाहिए। विज्ञापन बोर्ड की आय से तनख्वाह बांट रहे हैं। पूरे काम की जांच होना चाहिए, इसमें जमकर भ्रष्टाचार हुआ है। सभी सड़कें उखड़ रही है और डामर हम करवा रहे हैं। काम के नाम पर लीपापोती के सिवा कुछ नहीं हुआ, चाहे राजबाड़ा देख लो, चाहे गांधी हाल।

### राजेंद्र राठौर बोले एक हजार करोड़ का चूना लगाया

राठौर ने मंगलवार को आरोप लगाते हुए कहा कि स्मार्ट सिटी के तहत कामों की जांच होना चाहिए। स्मार्ट सिटी की सड़कें स्मार्ट नहीं है। पहले भी मैंने गोराकुंड की सड़क को लेकर महापौर और तत्कालीन निगमायुक्त प्रतिभा पाल को बताया था। लेकिन कुछ नहीं हुआ। पीएम, केंद्रीय मंत्री नगरीय प्रशासन सभी को पत्र लिखा था और बात हुई थी कि एसीएस स्तर की जांच कराएंगे. लेकिन उस जांच का भी पात नहीं चला। स्मार्ट सिटी के नाम पर एक हजार करोड़ खत्म कर चूना लगा दिया गया।

### बड़े सपने दिखाए गए थे स्मार्ट सिटी में

राठौर ने कहा कि तत्कालीन अधिकारियों ने स्मार्ट सिटी के प्रोजेक्ट का प्रेजेंटेशन देते समय खूब सपने दिखाए थे। कहा था कि खजूरी बाजार लंदन जैसा दिखेगा, लेकिन हालत खराब है। नेहरू पार्क में नौ करोड़ से काम हुआ, लेकिन वहां दस लाख का भी काम नहीं दिखता है। जैसी सड़कें स्मार्ट सिटी में बनी है और इसके लिए गुजरात के ठेकेदार आए, वह काम तो हमारे यहां पप्पू ठेकेदार जैसे लोग कर देते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### 21 अगस्त को ज़ी5 के किड्ज़ पर होगा द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो का प्रीमियर

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • हर कहानी के साथ असंभव पर यकीन करने की सीख: ऐसी दुनिया में, जिसे थोड़े और जादू की जरूरत है, ज़ी5 के किड्ज़ पर 21 अगस्त को पेश होगी द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो नेशनल, अगस्त 2026: ऐसे समय में जब दुनिया अक्सर उलझन भरी लग सकती है, किड्ज़ दर्शकों के लिए एक ऐसी कहानी लेकर आ रहा है, जो उम्मीद, कल्पना और मानवीय जुड़ाव की ताकत की याद दिलाती है। 21 अगस्त से विशेष रूप से ज़ी5 पर किड्ज़ पर प्रीमियर होने वाली द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो एक दिल छू लेने वाली पारिवारिक मनोरंजक फिल्म है, जो बचपन की मासूमियत और जादू, दादा-दादी और पोते-पोतियों के अनमोल रिश्ते और नामुमकिन चीज़ों पर यकीन करने के ज़बरदस्त असर का जश्न मनाती है। फिल्म में जैकी श्रॉफ, प्रतीक बब्बर, भाग्यश्री, शरत सक्सेना, मिहिर गोडबोले और अन्य प्रतिभाशाली कलाकार प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे।

### केन्द्रीय जेल इंदौर में नशा मुक्ति कार्यक्रम आयोजित

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • केन्द्रीय जेल इंदौर के सभागृह में 18 अगस्त मंगलवार को प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय रामबाग इन्दौर द्वारा नशा मुक्ति कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में सदस्यों द्वारा नशा मुक्त जीवन जीने हेतु बंदियों को प्रोत्साहित किया गया। नशा मुक्ति महाअभियान के तहत बंदियों को संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम में कुल 80 बंदियों द्वारा सहभागिता कि गई। कार्यक्रम का उद्देश्य बंदियों को नशा मुक्त जीवन, निरोगी काया, स्वस्थ जीवन यापन करने हेतु प्रोत्साहित करना तथा उक्त कार्यक्रम के माध्यम से बंदियों को सकारात्मक जीवनशैली अपनाने तथा समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिये



## अंतर्राष्ट्रीय छायाचित्र दिवस पर वरिष्ठ छायाचित्रकारों का सम्मान

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • अंतर्राष्ट्रीय छायाचित्र दिवस के अवसर पर स्टेट प्रेस क्लब, मध्य प्रदेश द्वारा शहर के वरिष्ठ छायाचित्रकारों का सम्मान किया गया। आयोजन में छायाचित्रकारी के क्षेत्र में वर्षों से उल्लेखनीय योगदान देने वाले वरिष्ठ फोटोग्राफरों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि छायाचित्र केवल किसी क्षण को कैमरे में कैद करने का माध्यम नहीं बल्कि समाज, संस्कृति और इतिहास को दर्ज करने का महत्वपूर्ण दस्तावेज भी है। वरिष्ठ छायाचित्रकारों ने अपने अनुभव साझा करते हुए फोटोग्राफी की बदलती तकनीक और नई पीढ़ी के सामने मौजूद अवसरों पर भी चर्चा की। कार्यक्रम में वरिष्ठ छायाचित्रकार हेमशंकर पाठक, गुरुदास दुआ, सुधीर सक्सेना, कैलाश मित्तल, एमके जैन, दिलीप लोकरे, ओ.पी. सोनी, अखिल हार्डिया, राजू पंवार, श्रीराम चौहान, बंसी लालवानी, आशु पटेल, पुष्कर सोनी, अनुराग बड़ोलिया एवं गोपाल वर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## कालरा कांड में बीजेपी से बाहर हुए पार्षद जीतू यादव की वापसी, निष्कासन खत्म

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • विधानसभा चार में विधायक मालिनी गौड़ के करीबी पार्षद कमलेश कालरा के घर पर हुए हमले के बाद एमआईसी मेंबर वा वार्ड 24 के पार्षद जीतू यादव को पार्टी से बाहर कर दिया गया था। जनवरी 2025 में जीतू पर अनुशासनात्मक कार्रवाई हुई थी। लेकिन हाल ही में जीतू को पुलिस जांच रिपोर्ट में क्लीन चिट मिली थी। इसके बाद अब पार्टी ने उनका निष्कासन खत्म करने का पत्र लिखा है। वहीं, नजरें अब इस बात पर भी है कि क्या वह फिर से एमआईसी में शामिल होंगे। उनके निष्कासन के बाद से ही एमआईसी में एक पद रिक्त है।

प्रदेश कार्यालय मंत्री श्याम महाजन ने निष्कासन समाप्त करने के लिए नगराध्यक्ष सुमित मिश्रा को पत्र लिखा है। इसमें कहा गया है कि पुलिस जांच में जीतू यादव को क्लीन चिट मिली है। ऐसे में



उनकी प्राथमिक सदस्यता से किया गया निष्कासन समाप्त किया जा रहा है।

दरअसल वार्ड 65 में एक नोटिस के ममले में पार्षद कमलेश कालरा ने निगम के एक कर्मचारी को फोन किया। उसके द्वारा जीतू यादव की बात कही गई, इस पर कालरा ने जीतू को लेकर कुछ शब्द कहे।

यह आडियो बाहर आई इसके बाद जीतू के समर्थक नाराज हो गए और चार जनवरी को कालरा के घर पर 30-40 समर्थकों ने हमला कर दिया। इसके बाद विधायक गौड़ व उनके समर्थकों ने पार्टी दफ्तर पहुंचकर कार्रवाई की मांग की। इस पर जीतू को 11 जनवरी 2025 को पार्टी से निष्कासित कर दिया गया।

इसके साथ ही उन्हें एमआईसी सदस्यता से भी बाहर कर दिया गया, लेकिन हाल ही में पुलिस ने चालान पेश किया, इसमें जीतू को क्लीन चिट दी है और कहा है कि यह उनके समर्थकों ने नाराज होकर किया था. इसमें जीतू की भूमिका नहीं थी।

### तीन इमली चौराहे पर आरटीओ एवं यातायात पुलिस की संयुक्त कार्रवाई

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • कलेक्टर के नेतृत्व तथा आरटीओ इंदौर श्री प्रदीप शर्मा के मार्गदर्शन में मंगलवार की शाम तीन इमली चौराहे पर क्षेत्रीय परिवहन विभाग एवं यातायात पुलिस इंदौर द्वारा संयुक्त चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान यात्री वाहनों के साथ-साथ स्कूली बच्चों को परिवहन करने वाली वेनों एवं अन्य वाहनों की सघन जांच की गई। जांच के दौरान नियमों का उल्लंघन कर संचालित किए जा रहे लगभग यात्री एवं स्कूली परिवहन वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। चेकिंग के दौरान एक बस के पास वैध परमिट नहीं पाए जाने पर उसे मौके पर जब्त किया गया। इसके साथ ही विभिन्न अनियमितताओं के चलते अन्य वाहनों के विरुद्ध भी नियमानुसार कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान वाहन संचालकों से कुल 1,31,000 का जुर्माना वसूल किया गया।



## 'घर-घर गीता, हर घर गीता' अभियान प्रारंभ

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • श्रावण मास के पावन अवसर पर शहर में श्री फ़ातुमल मुलानी जी की स्मृति में डॉ. दादू महाराज संस्थान द्वारा 'घर-घर गीता, हर घर गीता अभियान' का शुभारंभ गजासीन शनि धाम पर किया गया। इस अभियान के पहले चरण में 2100 गीता जी का नि:शुल्क वितरण किया जाएगा, जिसके तहत शुभारंभ अवसर पर 300 गीता जी वितरित की गईं। शुभारंभ अवसर पर प्रमुख रूप से बीजेपी प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेंद्र बरुआ, इंदौर प्रभारी राजेश सोलंकी, बीजेपी नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, अखिलेश शाह, अ.जा. मोर्चा नगर अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान, श्रेष्ठा जोशी, प्रताप तोलानी, सुधीर देडगे, हेमराज चौधरी, राजू मुलानी और विनायक विपट उपस्थित रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्रेस क्लब अध्यक्ष दीपक कर्दम एवं हाईकोर्ट एडवोकेट मनोज द्विवेदी आदि को गीता जी वितरित की गई। कार्यक्रम का संचालन विजय अंबेकर ने किया तथा अंत में आभार नवीन मंडलोई ने माना।

### अभिनव योजना के तहत छात्राओं को परितोषित वितरित किया गया

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिजलपुर में स्वर्गीय पदमा बेन स्वर्गीय सेठ शांतिलाल जी चौधरी( कमलापुर वाले) की स्मृति



में कक्षा 12वीं सत्र 2025 26 में हिंदी साहित्य में 90% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले साथ छात्राओं को सर्वश्री कुमारी योगिता, कुमारी कशिश, खुशबू, रेणुका, तमन्ना, कुमारी रितिका तथा कुमारी नीतिका को परितोषित की नकट राशि संस्था की प्राचार्य मैडम सुरभि पाराशर तथा संस्था के सेवानिवृत शिक्षक वह परिवार के कनिष्ठ पुत्र सुनील कुमार चौधरी द्वारा एक सादे समारोह में सम्मानित किया गया वह इन्होंने हर छात्रों के उज्जवल भविष्य की मंगल में कामना की गई द्य इस अवसर पर सर्वश्री प्रीति पंत, प्रीति नीमा, मोहनलाल चौहान, कविता अगल्चा तथा शैक्षिक परिवार उपस्थित था द्य तथा सभी ने परितोषित प्रदान के लिए चौधरी परिवार तथा विद्यार्थियों के प्रयास की सराहना की द्य

## सात सूत्रीय मांगों को लेकर कर्मचारियों ने जोरदार प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम दिया ज्ञापन

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • मध्यप्रदेश तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के प्रांत व्यापी आव्हान पर आज इंदौर में कलेक्टर कार्यालय पर नारेबाजी प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम का ज्ञापन तहसीलदार राकेश अस्थाना को दिया गया।

संघ के जिला अध्यक्ष राजेश गौड़ प्रांतीय महामंत्री हरीश बोयत ने बताया कि आज के प्रदर्शन में काफी संख्या में कर्मचारी



उपस्थित थे। अखिल भारतीय सेवाओं के अधिकारियों की प्रदेश मे कार्यरत एवं सेवानिवृत कर्मचारियों को 2%महंगाई भता /महंगाई राहत 1जनवरी 2026से प्रदान करने के आदेश शीघ्र जारी किए जाए। नवनियुक्त कर्मचारियों को नियुक्त के 3वर्ष 70,80, एवं 90%का बंधन हटाया जाए।

### मुनि पुंगव श्री 108 सुधासागर जी महाराज ने गो सम्मान आव्हान अभियान को दिया समर्थन

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • गौमाता के संरक्षण, गौहत्या की समाप्ति, गौवंश के संवर्धन तथा गौमाता को राष्ट्रीय सम्मान दिलाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे 'गो सम्मान आव्हान अभियान' को निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्री 108 सुधासागर जी महाराज ने अपना समर्थन प्रदान किया है। अभियान के संबंध में पूज्य अच्युतानंद जी महाराज ने मुनिश्री से विस्तृत चर्चा कर अब तक की गतिविधियों एवं आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी। चर्चा के दौरान बताया गया कि 27 अप्रैल 2026 को देशभर की लगभग 5,000 तहसीलों में तहसीलदार/एसडीएम के माध्यम से 5 करोड़ 25 लाख हस्ताक्षरों से युक्त ज्ञापन राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपालों एवं मुख्यमंत्रियों के नाम सौंपे गए। इन ज्ञापनों के माध्यम से गौहत्या की समाप्ति, गौमाता को राष्ट्रीय सम्मान प्रदान करने तथा देश में प्रभावी एवं व्यापक गौ-सेवा नीति निर्धारित करने की मांग को जनभावना के रूप में प्रस्तुत किया गया।

### इंटरनेशनल स्वीमिंग पूल का संचालन पीपीपी मॉडल पर

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • रणजीत हनुमान मार्ग स्थित ब्रह्मलीन श्री लक्ष्मणसिंह गौड़ उद्यान परिसर में बनने वाले इंटरनेशनल स्वीमिंग पूल के संचालन-संधारण का रास्ता साफ हो गया है। मेयर इन काउंसिल ने इसके निर्माण के बाद संचालन और संधारण को पीपीपी मॉडल पर किए जाने की स्वीकृति दी है। महापौर ने कहा कि आधुनिक सुविधाओं से युक्त स्वीमिंग पूल का निर्माण होने के बाद उसके संचालन और रखरखाव में निजी क्षेत्र की विशेषज्ञता का उपयोग किया जाए। इससे सुविधा का बेहतर संचालन सुनिश्चित करने के साथ निगम पर संचालन संबंधी अतिरिक्त भार कम करने की दिशा में भी मदद मिलेगी।

### गणेश विसर्जन चल समारोह के अखाड़ों को अब 21 हजार रुपए प्रोत्साहन राशि

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • गणेशोत्सव विसर्जन चल समारोह में शामिल होने वाले अखाड़ों के लिए नगर निगम ने प्रोत्साहन राशि बढ़ा दी है। अब प्रत्येक पात्र अखाड़े को 15 हजार रुपए के स्थान पर 21 हजार रुपए की अनुदान राशि दी जाएगी। महापौर की अध्यक्षता में हुई मेयर इन काउंसिल की बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। राशि बढ़ाने का उद्देश्य अनंत चतुर्दशी के पारंपरिक चल समारोह में शामिल अखाड़ों को प्रोत्साहन देना है।

## पशिचम मप्र में छतों से बिजली उत्पादन अब 83500 स्थानों पर, अब तक 470 करोड़ की सब्सिडी दी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • पश्चिम मप्र में रूफ टॉप सोलर नेट मीटर स्थापित परिसरों का आंकड़ा 83500 तक पहुंच गया है यह, मप्र की तीनों की वितरण कंपनी में सर्वाधिक हैं। पश्चिम क्षेत्र की रूफ टॉप सोलर नेट मीटर स्थापना की कुल क्षमता भी 525 मैगावाट से ज्यादा हो गई हैं। प्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने हरित व पर्यावरण हितैषी ऊर्जा के उत्पादन में सहयोग करने वाले बिजली उपभोक्ताओं को इस पुनीत कार्य के लिए बधाई दी हैं।

मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के प्रबंध निदेशक श्री अनूप कुमार सिंह ने बताया कि पीएम सूर्यघर समेत सभी योजनाओं में सौर ऊर्जा



संयंत्रों के विभागीय कार्य के लिए विशेष प्रकोष्ठ कार्यरत हैं, जो सौर ऊर्जा संबंधित प्रकरणों की दैनिक समीक्षा कर मंजूरी कार्य समय पर कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं। श्री सिंह ने बताया कि पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना को लेकर व्यापक उत्साह बना हुआ हैं, क्यों कि इस योजना में प्रति उपभोक्ता 78 हजार रूपए तक की सब्सिडी दी जा रही हैं। श्री सिंह ने बताया कि पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना लागू होने के बाद से सौर ऊर्जा को लेकर उपभोक्ताओं में व्यापक उत्साह एवं अपने परिसरों में अपने उपयोग की बिजली तैयार करने की विशेष रूचि का संचार हुआ, इसी कारण अब पश्चिम मप्र में रूफ टॉप सोलर का आंकड़ा 83500 के पार पहुंच गया हैं।

### बिजली कंपनी के खिलाड़ी जबलपुर में सम्मानित

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री अनूप कुमार सिंह के मार्गदर्शन में खेल एवं कल्याण गतिविधियों का सतत संचालन किया जा रहा हैं। खेलों में पश्चिम क्षेत्र कंपनी के खिलाड़ी, पहलवान आदि राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर सफलता भी प्राप्त कर कंपनी का नाम गौरवान्वित कर रहे हैं। विद्युत मंडल की राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेकर उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के पांच खिलाड़ियों पृथ्वीराज चौधरी पावर लिफ्टिंग, सुरेंद्र कुमार पटेल पावर लिफ्टिंग , विशाल वर्मा पावर लिफ्टिंग, नीरज चौहान पावर लिफ्टिंग, संदीप मौर्य बॉडी बिल्डिंग को जबलपुर में राज्य स्तरीय समारोह में ऊर्जा सचिव श्री विशेष गढ़पाले व अन्य अधिकारियों ने सम्मानित किया।

## बाहर से आने वाले घी की गुणवत्ता पर खाद्य सुरक्षा प्रशासन की सख्त निगरानी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • प्रदेश में आमजन को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने तथा मिलावटी एवं अमानक खाद्य पदार्थों के निर्माण एवं विक्रय पर प्रभावी नियंत्रण के लिए माननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में आयुक्त, खाद्य सुरक्षा, मध्यप्रदेश एवं नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन के निर्देशानुसार तथा कलेक्टर इंदौर श्री शिवम वर्मा के मार्गदर्शन में जिले में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की सतत निगरानी की जा रही है।

विशेष रूप से अन्य राज्यों से मध्यप्रदेश में आने वाले घी एवं अन्य दुग्ध उत्पादों की गुणवत्ता की जांच के लिए खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा डिपो, थोक विक्रेताओं एवं अन्य खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर नमूना कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के संयुक्त दल द्वारा मां बगलामुखी एंटरप्राइजेज, स्कीम नंबर 51, इंदौर का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठान पर मंथन ब्रांड एवं श्री आनंद ब्रांड के घी की विभिन्न पैकिंग एवं साइज विक्रय हेतु संग्रहित पाए गए। प्रतिष्ठान से प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त दोनों ब्रांड के घी गुजरात में निर्मित होकर इंदौर आए थे। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा विभिन्न पैकिंग साइज एवं बैच से संबंधित घी के कुल 18 नमूने जांच हेतु संग्रहित किए गए हैं।

### विधायक के निरीक्षण पर कांग्रेस के सवाल
## खराब सड़क और जलभराव के वीडियो जारी कर कहा- अपने ही दावों की पोल खोल दी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • इंदौर की राऊ विधानसभा के वार्ड 74 स्थित नानक नगर में सड़क, जलभराव और गंदगी की समस्या का निरीक्षण करने पहुंचे विधायक मधु वर्मा के वीडियो और फोटो अब कांग्रेस ने भी जारी किए हैं। विधायक ने निरीक्षण के दौरान समस्याओं का जायजा लेकर संबंधित अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए थे। इसके बाद उन्होंने खुद निरीक्षण के फोटो-वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड किए थे। कांग्रेस ने इन्हीं पोस्ट को वायरल करते हुए भाजपा विधायक पर निशाना साधा है। कहा कि विधायक के वीडियो में खराब सड़क, जगह-जगह गड्ढे, सड़क पर जमा पानी और किनारे पड़ा कचरा नजर आ रहा है।

## आईएसबीटी 'भंडारा' टर्मिनल... हजार करोड़ के बंद पड़े बस स्टैंड पर बनी सब्जी-पूड़ी!

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • ये इंदौर है भिया... यहां कुछ भी असंभव नहीं... इंदौर विकास प्राधिकरण ने करीब हजार करोड़ रुपए फूंककर कुमेड़ी में करीब 2 वर्ष पहले टंट्या मामा भील अंतरराज्यीय बस टर्मिनल यानी आईएसबीटी बनाकर तैयार करवाया... दावा किया गया कि इस बस स्टैंड पर यात्रियों को एयरपोर्ट की तर्ज पर सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी... अब मीडिया में खबर आई कि



इस हजार करोड़ के इंटर स्टेट बस टर्मिनल को 'भंडारा' टर्मिनल में बदल दिया गया... दरअसल, सावन माह के अवसर पर परिसर में ही स्थित एक प्राचीन मंदिर में भंडारे का आयोजन किया गया था, जिसमें खासी संख्या में श्रद्धालुओं के साथ-साथ नेता-पार्षद तक पहुंचे और सब्जी-पूड़ी सहित अन्य पकवान को बनवाने में सहयोग करने के साथ-साथ प्रसादी का लुत्फ भी लिया... उधर, मीडिया ने जब परिसर में भंडारा होने के विषय पर जिम्मेदारों से चर्चा की तो उन्होंने यह कहकर पल्ला झाड़ लिया कि हमें इसकी जानकारी नहीं है... मामले की जांच कराएंगे..!

सांध्य दैनिक
# इंदौर संकेत

इंदौर, बुधवार 19 अगस्त 2026

# नामांतरण घोटालाः 356 संपत्तियों के नाम बदले

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● नगर निगम के बहुचर्चित नामांतरण घोटाले में कार्रवाई के बाद अब जांच की दिशा पर ही सवाल खड़े हो गए हैं। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि 356 संपत्तियों के रिकॉर्ड में नाम बदलने जैसे बड़े खेल की जांच भी कहीं न कहीं छोटे खिलाड़ियों तक सीमित कर दी गई। शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे और निगम नेता प्रतिपक्ष सोनिला मिमरोट ने मंगलवार को निगम प्रशासन पर हमला बोलते हुए पूरे मामले की जांच लोकायुक्त पुलिस से कराने की मांग की। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि मामला महज नियमों की अनदेखी या विभागीय लापरवाही का नहीं है, बल्कि धोखाधड़ी, भ्रष्टाचार और संपत्तियों के रिकॉर्ड से छेड़छाड़ से जुड़ा है। ऐसे में केवल कुछ कर्मचारियों को निलंबित या सेवा से बाहर करने से पूरे नेटवर्क का खुलासा नहीं हो सकता।



नगर निगम की जांच में 356 संपत्तियों के मालिकों के नाम बदले जाने का मामला सामने आया। इसके बाद आयुक्त क्षितिज सिंघल ने जांच कमेटी गठित की। कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर कुछ कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई भी हुई। लेकिन अब कांग्रेस इसी रिपोर्ट को कटघरे में खड़ा कर रही है। चौकसे और मिमरोट का सवाल है कि इतनी बड़ी संख्या में संपत्तियों के रिकॉर्ड बदलने की प्रक्रिया क्या एक-दो कर्मचारियों के स्तर पर संभव थी? अगर रिकॉर्ड में बदलाव हुआ, उसे सत्यापित किया गया और कुछ मामलों में आगे की प्रक्रिया भी पूरी हुई, तो फिर जिम्मेदारी की पूरी श्रृंखला जांच के दायरे में क्यों नहीं आई?

### मास्टरमाइंड का पता लगाए बिना अधूरी है जांच

जांच रिपोर्ट में यह स्पष्ट नहीं किया गया कि पूरे खेल का संचालन किसने किया। उनका आरोप है कि कुछ छोटे कर्मचारियों पर कार्रवाई कर मामले को खत्म करने की कोशिश हो रही है, जबकि बड़े अधिकारियों और अन्य जिम्मेदार लोगों की भूमिका पर पर्दा पड़ा हुआ है। कांग्रेस ने पूछा कि 356 संपत्तियों के नाम बदलने के निर्देश किसने दिए? 51 संपत्तियों को आगे बेचने की अनुमति किस प्रक्रिया के तहत मिली? रिकॉर्ड में बदलाव के बाद उसकी निगरानी किस स्तर पर हुई? और सबसे बड़ा सवाल-इस पूरे नेटवर्क का मास्टरमाइंड कौन है?

### लोकायुक्त से जांच की मांग

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि मामले को केवल साइबर क्राइम तक सीमित करने के बजाय निगम प्रशासन को पूरी जांच फाइल लोकायुक्त पुलिस को सौंपनी चाहिए। उनका तर्क है कि लोकायुक्त जांच में अधिकारियों, कर्मचारियों और दूसरे संभावित लाभार्थियों की भूमिका की स्वतंत्र रूप से पड़ताल हो सकेगी। कांग्रेस ने चेतावनी दी कि अगर जांच सिर्फ छोटे कर्मचारियों तक सीमित रही तो यह सवाल और गहराएगा कि आखिर किसे बचाया जा रहा है। कांग्रेस ने महापौर पुष्यमित्र भार्गव के कार्यकाल में हुए पटेल नगर बावड़ी हादसे और भागीरथपुरा दूषित पानी मामले का भी जिक्र किया। नेताओं ने आरोप लगाया कि इन मामलों में भी जिम्मेदार लोगों पर अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई। कांग्रेस का कहना है कि स्वच्छता के लिए देश-दुनिया में पहचान बना चुके इंदौर की छवि को ऐसे मामलों से नुकसान पहुंच रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### क्रोधी व्यक्ति को कभी सच्चाई नजर नहीं आती - सुधासागर म.सा.

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● दुनिया में ऐसा कोई देश नहीं है जो भगवान अथवा किसी अदृश्य शक्ति को नहीं मानता हो। हर देश में कोई न कोई अदृश्य शक्ति की मान्यता होती है। भौतिकता आँखों का विषय है और नैतिकता कानों का। कई बार आँखों का देखा गलत भी होता है और कानों का सुना भी कई बार सही होता है। क्रोधी व्यक्ति को कभी सच्चाई नजर नहीं आती। धर्म के क्षेत्र में अक्सर कानों सुना सच होता है। कभी किसी भगवान को हमने मोक्ष जाते समय नहीं देखा, केवल कानों से ही सुन रहे हैं। धर्म में हमेशा कानों सुना ही सच होता है। कोई नहीं जानता कि मोक्ष कहाँ है, सिर्फ कानों सुनी बातों से ही भरोसा करते हैं कि मोक्ष होता है। संत शिरोमणि प.पू. विद्यासागर म.सा. के परम प्रभावक शिष्य और राष्ट्रसंत मुनि पुंगव प.पू. श्री सुधासागर महाराज ने मंगलवार को सकल दिगम्बर जैन धर्म प्रभावना समिति के तत्वावधान में दलाल बाग के विशाल विद्या-सुधा सत्संग मंडप में चल रहे चातुर्मास के दौरान उपस्थित देशभर से आए श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए उक्त दिव्य एवं प्रेरक विचार व्यक्त किए।

### एक हजार से अधिक साधक रक्षा बंधन के दिन होंगे शामिल - गायत्री महायज्ञ भी होगा

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● विमानतल मार्ग स्थित श्री श्रीविद्याधाम पर ब्रह्मलीन महामंडलेश्वर स्वामी गिरिजानंद सरस्वती 'भगवन' द्वारा स्थापित परंपरा के अनुसार महामंडलेश्वर स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती की प्रेरणा से श्रावणी उपाकर्म का शास्त्रोक्त अनुष्ठान वैदिक पद्धति से गुरुवार, 27 अगस्त को प्रात: 9 बजे से आयोजित किया गया है, जिसमें लगभग एक हजार साधक भाग लेंगे। गायत्री महायज्ञ भी होगा। आश्रम परिवार के सुरेश शाहरा, पं. दिनेश शर्मा एवं राजेन्द्र महाजन ने बताया कि श्रावणी उपाकर्म में स्वामी गिरिजानंद सरस्वती वेदवेदांग विद्यापीठ के नूतन वेदपाठी एवं 200 से अधिक अन्य साधक भी भाग लेंगे। इस बार 100 से अधिक नए बटुक भी शामिल होंगे।

### अग्रवाल समाज का अ.भा. निशुल्क युवक-युवती परिचय सम्मेलन अगले माह

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● अग्रवाल समाज की अग्रणी और प्रतिष्ठित संस्था श्रीअग्रसेन महासभा की मेजबानी में अ.भा. अग्रवाल निशुल्क युवक-युवती परिचय सम्मेलन का 10वां वृहद आयोजन 19-20 सितम्बर को राजीव गाँधी चौराहा स्थित शुभकारज गार्डन पर सुबह 10 से शाम 6 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। सम्मेलन के लिए अब तक लगभग एक हजार प्रविष्ठियां प्राप्त हो चुकी हैं जिनमें अधिकांश प्रत्याशी उच्च शिक्षित होकर ऊँचे पैकेज पर देश-विदेश में कार्यरत हैं और स्वयं के कारोबार में भी स्थापित हैं।

## सांवेर में अधिवक्ता से मारपीट के विरोध में अभिभाषक संघ ने मनाया प्रतिवाद दिवस

**दैनिक इंदौर संकेत**

**सांवेर** ● सांवेर न्यायालय के अधिवक्ता सचिन कारवाल के साथ न्यायालय जाते समय कथित मारपीट, गाली-गलौच और धमकी देने का मामला सामने आया । घटना के विरोध में अभिभाषक संघ सांवेर ने न्यायालयीन कार्यों से विरत रहकर प्रतिवाद दिवस मनाया और आरोपित के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की। पुलिस को दी गई शिकायत के अनुसार, अधिवक्ता सचिन कारवाल सुबह करीब 11 बजे मोटरसाइकिल से सांवेर न्यायालय जा रहे थे। इसी दौरान केशरीपुरा स्थित राम मंदिर और शनि मंदिर के बीच

राजेश पिता गणपत परमार द्वारा उनकी गाड़ी रोककर बोला की तेरा बीमा करवाले आगे काम आऐगा ओर विवाद करने लगा. शिकायत में गाली-गलौच, मारपीट, शर्ट फाड़ने, सीने व गाल पर चोट पहुंचाने तथा आरटीआई आवेदन वापस लेने के लिए धमकी देने के आरोप लगाए



गए । घटना के दौरान अधिवक्ता भारत सिंह चौहान और प्रवीण करड़वाल मौजूद थे बीच बचाव किया।

**अभिभाषक संघ ने जताया विरोध** - घटना की जानकारी मिलने के बाद अभिभाषक संघ सांवेर ने इसे गंभीरता से लेते हुए न्यायालयीन कार्यों से विरत रहने का निर्णय लिया। संघ पदाधिकारियों का कहना है कि अधिवक्ताओं के साथ इस प्रकार की घटनाएं उनकी सुरक्षा और गरिमा से जुड़ा गंभीर विषय हैं। न्यायालय परिसर तथा उसके आसपास अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिए प्रभावी व्यवस्था किए जाने की आवश्यकता है।

संघ अध्यक्ष सुरेन्द्र चौहान सहित पदाधिकारियों और कार्यकारिणी सदस्यों ने घटना की निंदा करते हुए संबंधित व्यक्ति के खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की मांग की। संघ ने कहा कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए पुलिस एवं प्रशासन को आवश्यक कदम उठाने चाहिए।

## अपने आसपास के जरुरतमन्द बच्चों को भी शिक्षित बनाएं



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● शिक्षित और संस्कारित समाज एवं राष्ट्र के लिए शिक्षा बहुत जरुरी है। महाराजा अग्रसेन पारमार्थिक न्यास के माध्यम से पिछले 3 दशकों से जिन प्रतिभावान बच्चों को शिक्षा सहायता मिल रही है, वे यदि अपने आसपास के जरूरतमंद बच्चों के साथ सरकारी स्कूलों के बच्चों को भी शिक्षित बनाने का बीड़ा उठा लें तो निश्चित ही हम एक सभ्य और शालीन समाज की रफ़्तार को और अधिक गतिवान बना सकते हैं। बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए काउंसिलिंग की जरूरत होती है, उस दिशा में भी काम होना चाहिए। पूर्व राष्टपति डॉ. अब्दुल कलाम ने कहा था कि सपने वो नहीं होते जो सोते समय देखे जाते हैं बल्कि सपने वो होते हैं जो हमें सोने नहीं देते। शिक्षा के क्षेत्र में इस तरह के सेवा कार्य सचमुच प्रशंसनीय और अनुकरणीय है। सरकारी स्कूलों के बच्चों को भी इस तरह की योजनाओं के दायरे में लाने का प्रयास करना चाहिए।

मप्र उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति विनय सराफ ने गीता भवन के सत्संग सभागृह में महाराज अग्रसेन पारमार्थिक न्यास के तत्वावधान में आयोजित 'शिक्षादान महादान' अभियान के तहत समाज के 742 बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए स्वीकृत की गई 55 लाख से अधिक की सहायता राशि के वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उक्त प्रेरक विचार व्यक्त किए। समाजसेवी अक्षत मनीष सिंघल (दंगल टीवी), उद्योगपति बिनोद अग्रवाल (तिरुपति ग्रुप), टीकमचन्द गर्ग एवं निर्मल रामरतन अग्रवाल भी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे और उन्होंने भी इस सेवा कार्य को अभिनव एवं प्रेरक बताया।

## जन्माष्टमी के जुलूस में शामिल होंगे शहर के 25 से अधिक यादव अहीर संगठन

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव इस बार भी यादव अहीर समाज धूमधाम से मनाएगा। यादव अहीर समाज केंद्रीय समिति के तत्वावधान में समाज के 25 से अधिक संगठनों की द्वितीय बैठक में जन्माष्टमी पर शुक्रवार, 4 सितम्बर को सुबह 10 बजे बड़ा गणपति चौराहे से श्रम शिविर, जेल रोड तक निकलने वाली परंपरागत शोभा यात्रा में सभी 25 संगठनों से जुड़े समाज बंधु परम्परागत परिधान में सपरिवार शामिल होंगे। जिले के अन्य कस्बों और गाँवों के समाज बंधुओं को भी इस जुलूस का न्योता भेजा जा रहा है। जुलूस में मथुरा-वृंदावन के लोक कलाकार भी शामिल होंगे तथा अनेक संगठन राधा कृष्ण पर केन्द्रित रंगारंग झांकियां भी बनाएँगे। इसकी व्यापक तैयारियां शुरू हो गई हैं।

केंद्रीय समिति के संरक्षक दीपू यादव एवं अध्यक्ष ओंकार यादव ने बताया कि जन्माष्टमी उत्सव की तैयारियों के लिए शहर के विभिन्न यादव बाहुल्य क्षेत्रों में बैठकों का सिलसिला चल रहा है। बैठकों में पूर्व पार्षद रमेश उस्ताद, निगम सभापति मुन्नालाल यादव, इंटक अध्यक्ष श्याम सुंदर यादव, रामसमुझ यादव, देवेन्द्र सिंह यादव, अनिल यादव, राजेंद्र कुमार यादव, चैनसिंह यादव, प्रवेश यादव, पिंटू यादव एवं नीरज यादव तथा महिला संगठनों की ओर से कविता यादव, सुषमा यादव, अंजना यादव, चंद्रकांता यादव, ममता यादव सहित बड़ी संख्या में विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी पहुंचकर समाज बंधुओं से इस जुलूस में शामिल होने, झांकियां बनाने, यातायात व्यवस्था सँभालने, स्वागत मंच लगाने तथा अन्य तैयारियों पर मार्गदर्शन दे रहे हैं। लगभग सभी स्थानों पर आयोजित बैठकों में निर्णय लिया गया कि समाज के महिला पुरुष परंपरागत परिधान में सज-धजकर आएंगे तथा बच्चे राधा-कृष्ण का श्रृंगार कर जुलूस में शामिल होंगे। मार्ग में लगने वाले स्वागत मंचों की व्यवस्था पर भी बैठकों में विचार विमर्श किया गया। यह तय किया गया कि पुष्प वर्षा के दौरान जुलूस का क्रम प्रभावित नहीं होने देंगे। जुलूस में बड़ी संख्या में बच्चे राधा और कृष्ण बनकर आएंगे। अनेक भजन मंडलियां भी शामिल रहेंगी।

## लहरिया महोत्सव में महिलाओं ने बिखेरे सावन के रंग, प्रतियोगिताओं में दिखा उत्साह

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● शेखावाटी सेन समाज इंदौर की महिलाओं की ओर से लहरिया महोत्सव का आयोजन किया गया। सावन और मानसून की थीम पर आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं ने उत्साह के साथ विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। बेस्ट लहरिया क्वीन, चेयर रेस, बैलून गेम्स और रैंप वॉक सहित अन्य प्रतियोगिताओं ने कार्यक्रम में रंग जमा दिया। महिलाओं ने मानसून की थीम पर नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति देकर सभी का मनोरंजन किया। उषा तुंदवाल ने बताया कि सावन तीज के पावन अवसर पर श्री चारभुजानाथ मंदिर में शिव-पार्वती परिवार की पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद महिलाओं ने फलाहार एवं भोजन प्रसादी ग्रहण की। पूरे आयोजन में सावन के उल्लास के साथ महिलाओं ने एक-दूसरे के साथ खुशियां साझा कीं। कार्यक्रम में मणि वर्मा, राधिका सेन,मंजू अमेरिया, राधिका सेन, सुमित्रा मिर्दवाल, शीतल चौहान, खुशबू चौहान, सुनीता सेन, रिंकू मिर्दवाल, खुशबू सेन और डिना सेन सहित समाज की महिलाएं शामिल हुईं।

## भाजपा की नई राष्ट्रीय टीम में जैन समाज का प्रतिनिधित्व क्यों नहीं ?*

**इंदौर** ● देशहित में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले जैन समाज की राजनीतिक भागीदारी पर गंभीर सवाल भारतीय जनता पार्टी द्वारा घोषित नई राष्ट्रीय टीम में जैन समाज को समुचित प्रतिनिधित्व नहीं मिलना देशभर के जैन समाज के लिए निराशाजनक एवं विचारणीय विषय है। राजनीति चेतना मंच के प्रचारक राजेश जैन दद्दू ने कहा कि जैन समाज संख्या की दृष्टि से भले ही छोटा हो, लेकिन देश के आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक एवं सेवा क्षेत्र में उसका योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण और व्यापक

## 32 थानों की रैंकिंग ने मचा दी खलबली! लसूड़िया बना 'बादशाह', पंढरीनाथ सबसे नीचे-पुलिस महकमे में बजा खतरे का अलार्म

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● पुलिस के 32 थानों की जुलाई-2026 की रैंकिंग सामने आते ही पुलिस महकमे में चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है। थानों के प्रदर्शन को लेकर हुई इस 'परीक्षा' में लसूड़िया थाना नंबर-1 बनकर सबसे आगे निकल गया, जबकि पंढरीनाथ थाना सबसे निचले पायदान पर पहुंच गया। रैंकिंग सामने आते ही अब पुलिस महकमे में यही चर्चा है कि किस थाने ने अपनी पुलिसिंग का दम दिखाया और किसकी कार्यप्रणाली को अभी लंबा सफर तय करना बाकी है। जुलाई की इस रैंकिंग में लसूड़िया ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए बाजी मारी और टॉप पोजिशन पर कब्जा जमाया।

**लसूड़िया का जलवा, पंढरीनाथ का 'रिजल्ट' कमजोर** - थानों की रैंकिंग में कामकाज, अपराध नियंत्रण, शिकायतों के निराकरण, पुलिसिंग सहित निर्धारित मानकों को आधार बनाया गया। इन कसौटियों पर लसूड़िया थाना सबसे बेहतर प्रदर्शन करने वालों में रहा।

दूसरी तरफ पंढरीनाथ थाना रैंकिंग में सबसे नीचे रहा। नतीजा सामने आने के बाद अब यहां पुलिसिंग के प्रदर्शन और कामकाज में सुधार को लेकर नजरें टिक गई हैं।

**रैंकिंग ने थानों के बीच बढ़ाई टक्कर** - पुलिस विभाग की ओर से थानों की रैंकिंग कराने का मकसद बेहतर पुलिसिंग के लिए स्वस्थ प्रतिस्पर्धा बढ़ाना है। इससे एक तरफ बेहतर प्रदर्शन करने वाले थानों को प्रोत्साहन मिलता है, तो दूसरी तरफ कमजोर प्रदर्शन करने वाले थानों को अपनी कमियां सुधारने का मौका मिलता है। जुलाई की रैंकिंग ने जहां लसूड़िया पुलिस को नंबर वन का तमगा दिलाया, वहीं पंढरीनाथ के लिए यह परिणाम किसी चेतावनी से कम नहीं माना जा रहा है।

## भूतेश्वर महादेव दूल्हे के श्रृंगार में 24 को सज-धजकर निकलेंगे सुसज्जित रथ और पालकी में सवार होकर

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● पंचकुइया मोक्ष धाम स्थित पश्चिम क्षेत्र के प्रख्यात श्री भूतेश्वर महादेव मंदिर की शाही सवारी सावन के अंतिम सोमवार, 24 अगस्त को दोपहर 3.30 बजे पंचकुइया स्थित मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होकर लगभग 10 किमी का भ्रमण कर विभिन्न मार्गों से होते हुए पुन: मंदिर परिसर पहुंचेगी। भगवान भूतभावन भोलेनाथ इस यात्रा में दूल्हे के रूप में करीब पांच क्विंटल सुगंधित फूलों, बिल्व पत्रों से सुसज्जित रथ और पालकी में विराजित होकर अपने भक्तों का कुशलक्षेम जानने और दर्शन देने निकलेंगे। इसके साथ ही 51 लाख बिल्व पत्रों से भगवान भूतेश्वर महादेव की पूजा-अर्चना का विश्व कीर्तिमान भी इंदौर के नाम दर्ज होगा। यात्रा में सभी समाजों की सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है। सामाजिक समरसता के साथ ही इस यात्रा के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का सन्देश भी दिया जाएगा।

सांध्य दैनिक इंदौर संकेत

## आपकी बात, इंदौर संकेत के साथ




डिजिटल रूप से लाखों पाठकों के साथ अपना नियमित संपर्क बनाते हुए दैनिक इंदौर संकेत अब एक नई ऊंचाइयों को छू रहा है। आप भी अपने संस्थान, उत्पाद, संस्था का प्रचार-प्रसार दैनिक इंदौर संकेत के माध्यम से सकते हैं। इसके तहत आप चाहे प्रापर्टी व्यवसाय से जुड़े हैं या कोई बधाई संदेश देना है या जन्मदिन की शुभकामनाएं हो या कोई अन्य कैटेगरी में विज्ञापन देना चाहते हैं तो न्यूनतम दर पर प्रकाशित करने के लिए संपर्क कर सकते हैं। दैनिक इंदौर संकेत संवेदनापूर्ण संदेशों को लेकर अत्यंत संवेदनशील है। इसीलिए इस समाचार पत्र में शोक संदेश नि:शुल्क प्रकाशित किए जाएंगे।

**कार्यालय का पता**

5/6, राज मोहल्ला, महेश नगर, गुरुद्वारे के सामने, इंदौर

**संपर्क: 94250-64357, 94245-83000**

# ऑस्ट्रेलिया को पहले टेस्ट में मिली थी करारी हार

**मैके (एजेंसी)** • ऑस्ट्रेलिया ने बांग्लादेश के खिलाफ 22 अगस्त से मैके में होने वाले दूसरे टेस्ट के लिए 13 सदस्यीय टीम में एक बदलाव किया है। पहले टेस्ट में नौ विकेट की हार के बाद ओपनर जैक वेदराल्ड को टीम से बाहर कर दिया गया है। उनकी जगह मैथ्यू रेनशॉ की वापसी हुई है। इसके साथ ही ऑस्ट्रेलिया ने एशेज में सफल रही ट्रैविस हेड और वेदरअल्ड की ओपनिंग जोड़ी को सिर्फ एक टेस्ट बाद तोड़ दिया है। रेनशॉ को दूसरे टेस्ट में ट्रैविस हेड के साथ ओपनिंग करने का सबसे मजबूत दावेदार माना जा रहा है। हालांकि, ऑस्ट्रेलिया ने बैटिंग ऑर्डर को लेकर अंतिम फैसला नहीं किया है। विकेटकीपर बल्लेबाज जोश इंग्लिस भी ओपनिंग के विकल्प हैं। 30 साल के रेनशॉ ने अपना पिछला टेस्ट 2023 में भारत के खिलाफ दिल्ली में खेला था। उन्होंने पिछले शेफील्ड शील्ड सीजन में 10 पारियों में तीन शतक लगाए और करीब 50 की औसत से रन बनाए थे। मैके के ग्रेट बैरियर रीफ एरिना में भी उनके नाम फर्स्ट क्लास क्रिकेट में दो शतक हैं। नंबर-3 बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन को टीम में बरकरार रखा गया है। ऑस्ट्रेलियाई कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने कहा है कि टीम लाबुशेन से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन हासिल करने के लिए काम कर रही है।








## हाकी वर्ल्ड कप : बेटियों की धमक, साउथ अफ्रीका को 6-1 से रौंदकर पूल डी में टॉप पर पहुंचीं

**एम्सटेलवीन (एजेंसी)** • महिला हॉकी वर्ल्ड कप में भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन को जारी रखते हुए दक्षिण अफ्रीका को 6-1 से करारी शिकस्त दी। नीदरलैंड्स के एम्स्टेलवीन स्थित वैगनर स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में जीत के साथ ही भारतीय टीम पूल-डी की तालिका में चीन को पछाड़कर टॉप पर पहुंच गई है। मैच के पहले क्वार्टर के 11वें मिनट में साक्षी राणा ने अफ्रीकी डिफेंडरों के बीच से गेंद को बेहद खूबसूरती से निकाला और भारत को 1-0 की शुरुआती बढ़त दिलाई। दूसरे क्वार्टर में नवनीत कौर ने गोल किया। इसके बाद सुशीला चानू ने शॉट लगाया, जिससे भारत हाफ-टाइम तक 3-0 की मजबूत स्थिति में पहुंच गया। तीसरे क्वार्टर के 8वें मिनट में बलजीत और नवनीत के बेहतरीन मूव पर दीपिका ने शानदार फिनिशिंग दिखाते हुए चौथा गोल किया। इसके बाद 14वें मिनट में लालरेमसियामी ने पांचवां, जबकि 15वें मिनट में इशिका ने गोल दागकर स्कोर 6-0 कर दिया। अंतिम क्वार्टर के 10वें मिनट में दक्षिण अफ्रीका की ओर से कायला डी वाल ने गोल दागकर अपनी टीम का खाता खोला और भारत ने 6-1 से इस शानदार मुकाबले को अपने नाम किया।

## लक्ष्य-उन्नति का बैडमिंटन वर्ल्ड चैंपियनशिप में विजयी आगाज़

**नई दिल्ली (एजेंसी)** • भारत के लक्ष्य सेन और उन्नति हुड्डा ने बैडमिंटन वर्ल्ड चैंपियनशिप में जीत से शुरुआत की है। नई दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेडियम में बैडमिंटन वर्ल्ड चैंपियनशिप में लक्ष्य ने रोमानिया के कॉलिन्स फिलिमोन को 16-21, 21-8 और 21-4 से हराया। वहीं, वूमंस सिंगल्स में उन्नति हुड्डा ने म्यांमार की थेत हमतार थुजार को 22-20, 21-16 से हराया। अगले दौर में लक्ष्य सेन का मैच स्विट्जरलैंड के टोबियास कुंजी और अमरीका के गैरेट टैन के विजेता से होगा। उन्नति हुड्डा का मैच कनाडा की 19वीं वरीय खिलाड़ी मिशेल ली से होगा।

मिक्स्ड डब्ल्स में रोहन कपूर और रुत्विका शिवानी गड्डे की भारतीय जोड़ी को कनाडा के जोनाथन बिंग त्सान लाई और क्रिस्टल लाई ने 20-22, 21-19, 21-17 से एक घंटे आठ मिनट में हराया। अशिथ सूर्य और अमृता प्रमुथेश की जोड़ी को तुर्किए के एम्रे सोनमेज और यासेमेन बेक्तास ने 21-16, 29-30, 22-24 से मात दी। वूमंस डब्ल्स में तृषा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी ने राउंड ऑफ 32 के मैच में अमरीका की लॉरेन लैम और एलिसन ली को 21-15, 21-12 से हराया। वहीं, कविप्रिया सेल्वम और सिमरन सिंघी की जोड़ी को बुल्गारिया की गैब्रिएला स्टोएवा और स्टेफानी स्टोएवा के खिलाफ 7-21, 14-21 की पराजय झेलनी पड़ी।

# उम्र और अनुभव के साथ बदल गई है प्राथमिकताएं : अनुराग कश्यप



**मुंबई (एजेंसी)** •हाल ही निर्माता अनुराग कश्यप ने खुलासा किया कि उनकी गर्लफ्रेंड शुभ्रा शेट्टी शादी में विश्वास नहीं करती हैं। हाल ही दिए एक इंटरव्यू में उनसे तीसरी बार शादी करने को लेकर सवाल पूछा गया था। अनुराग ने कहा कि उनकी प्रायरिटी साथ में मौजूद रिश्ते को बनाए रखना है। उन्होंने कहा, 'मैं उनके साथ बहुत खुश हूं। मैं उसके साथ रहना चाहता हूं। इसके लिए जो भी करना पड़े, मैं करूंगा।' अनुराग ने बताया कि उम्र और अनुभव के साथ उनकी प्राथमिकताएं बदल गई हैं। उन्होंने कहा, 'जिंदगी में बहुत कुछ है। एक बूढ़े आदमी की असुरक्षा क्या होती है? मैं इतना हेल्दी रहना चाहता हूं कि उन लोगों से ज्यादा जी सकूं, जिन्हें मैं प्यार करता हूं। क्योंकि अगर ऐसा नहीं होता, तो उसके बाद क्या हो सकता है? दुनिया के तौर-तरीके। इसलिए मैं इस बारे में बहुत सोचता हूं।' उन्होंने आगे कहा, 'लेकिन मेरी बात यह है कि जब तक हमने अब जो पाया है, वह हमारे पास है, मैं किसी भी चीज से खुश हूं। मैं इसे खोना नहीं चाहता।' कपल ने बताया कि उनके उम्र के अंतर का उनके रिश्ते पर असर पड़ा है। अनुराग ने कहा, 'हमारे हिस्से में भी परेशानियां आई हैं। हमारे बीच भी ऐसे पल रहे हैं। हम खुद को लेकर सजग रहे हैं।' उम्र बढ़?ने के साथ उनका नजरिया बदला। उन्होंने कहा, 'मैं ज्यादा सजग रहा हूं। मैं पहले भी ज्यादा सजग था। सिर्फ इतना ही नहीं, एक समय मैं इसे दूर रखने की बहुत कोशिश कर रहा था।' 'एक समय ऐसा था, क्योंकि उसके चेहरे से उसकी उम्र का पता नहीं चलता। वह अब भी वैसी ही दिखती है। वह अपनी उम्र की नहीं दिखती। इसलिए जैसे-जैसे मेरी उम्र बढ़ती गई और वह वैसी ही दिखती रहीं, तब मैं थोड़ा ज्यादा सजग हो गया।' उनकी गर्लफ्रेंड शुभा शेट्टी ने बताया कि अनुराग ने हमेशा उन्हें स्वतंत्र रूप से जीने और खुद को समझने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि अनुराग नहीं चाहते थे कि उनका रिश्ता ही उनकी पहचान बन जाए। शुभ्रा के मुताबिक, 'वह जिंदगी को लेकर आश्वस्त हो सकते हैं, क्योंकि वह सब कुछ झेल चुके हैं। उन्हें पता है कि प्यार क्या नहीं होता और इसलिए वह समझ सकते हैं कि यह प्यार है। लेकिन मैं ऐसा नहीं कर सकती थी, क्योंकि मैं 20ह्य में थी और उस समय आप खुद को समझ रहे होते हैं।' उन्होंने कहा, 'इसलिए वह इस बात पर अड़े रहते थे कि मैं बाहर जाऊं और अगर मुझे उनके पास वापस आने का रास्ता खुद खोजना है, तो मैं ऐसा करूं।' बता दें कि अनुराग कश्यप की 2 शादियां हो चुकी हैं। साल 1997 में फिल्म एडिटर आरती बजाज से उनकी पहली शादी हुई थी। इस शादी से उनकी एक बेटी आलिया है। साल 2009 में दोनों का तलाक हो गया। इसके बाद अनुराग ने 2011 में एक्ट्रेस कल्कि कोचलिन से शादी की। अनुराग ने कल्कि के साथ फिल्म 'देव डी' में काम किया था।

## धर्म से ज्यादा मैं आध्यात्मिक हूं: सबा अली पटौदी



**मुंबई (एजेंसी)** • शर्मिला टैगोर और पूर्व भारतीय क्रिकेट कप्तान मंसूर अली खान पटौदी की बेटी सबा अली पटौदी से एक इंटरव्यू में सवाल पूछा गया, 'क्या आप धार्मिक हैं?' इस पर सबा ने जवाब दिया, 'मैं बहुत धार्मिक हूं, लेकिन मुझे लगता है कि धर्म से ज्यादा मैं आध्यात्मिक हूं। हालांकि, आध्यात्मिक होने के लिए मेरा जुड़ाव इस्लाम से है। इसलिए मेरे लिए दोनों लगभग एक ही हैं। मैं कहूंगी कि मेरा धर्म इस्लाम है और मेरा इससे जुड़ाव है। अगर मुझे भगवान के बारे में सोचना हो, तो मैं उन्हें अल्लाह कहूंगी।' सबा ने अपने माता-पिता की अंतरधार्मिक शादी और धार्मिक परवरिश पर बात की है। उन्होंने बताया कि शादी के बाद उनकी मां ने इस्लाम अपनाया था और बच्चों को भी इसके बारे में सिखाया। उन्होंने बताया कि उनके माता-पिता ने उन्हें, सैफ अली खान और सोहा अली खान को कोई धर्म मानने के लिए मजबूर नहीं किया। सबा ने आगे कहा, 'इसका मतलब यह नहीं है कि मैं दूसरे धर्मों का सम्मान नहीं करती। बिल्कुल नहीं। मुझे लगता है कि बौद्ध धर्म भी काफी हद तक मेरी सोच से जुड़ता है और सभी धर्मों की बात करें, तो एक ही शक्ति का स्रोत है। मैं इसमें भी विश्वास करती हूं। आप उसे अल्लाह कह सकते हैं, राम कह सकते हैं या अपनी सुविधा के हिसाब से कोई भी नाम दे सकते हैं। मैं शायद उन्हें अल्लाह कहूंगी, लेकिन वास्तव में वह एक ही एनर्जी का सोर्स है, जिससे हम सभी जुड़े हुए हैं। इसलिए यह वास्तव में अलग नहीं है।' सबा ने अपनी मां शर्मिला टैगोर को लेकर बताया, 'जब अम्मा और अब्बा की शादी हुई, तो मेरी मां ने वास्तव में इस्लाम धर्म अपना लिया था।

# उज्जैन संभाग

## एनजीटी का आदेश: सीवेज को शिप्रा में मिलने से रोकें, संयुक्त समिति की रिपोर्ट में खुलासा

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** •नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने सिंहस्थ-2028 से पहले मोक्षदायिनी क्षिप्रा नदी के संरक्षण एवं पुनर्जीवन को लेकर बेहद महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए हैं। संयुक्त समिति द्वारा एनजीटी को सौंपी गई हालिया रिपोर्ट में एक चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। रिपोर्ट के मुताबिक, धार्मिक नगरी उज्जैन में वर्तमान में लगभग 85 एमएलडी (मिलियन लीटर प्रतिदिन) सीवेज उत्पन्न हो रहा है। वर्ष 2028 में लगने वाले कुम्भ के दौरान देश-विदेश से आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के कारण यह सीवेज बढ़कर लगभग 350 एमएलडी तक पहुंचने की संभावना है। राष्ट्रीय हरित अधिकरण ने सिंहस्थ-2028 से पहले शिप्रा नदी के जल को लेकर पाया कि पवित्र क्षिप्रा नदी के पानी में क्षिप्रा नदी के जल के नमूनों में वर्तमान में स्नान करने योग्य भी नहीं बचा है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के वर्ष 2022-23 के आंकड़ों के आधार पर क्षिप्रा नदी के एक बड़े हिस्से को प्रदूषित नदी क्षेत्र के रूप में चिन्हित किया गया था।

क्षिप्रा नदी के जल के नमूनों में बीओडी 8 से 12 द्वद्द/रुपाया गया है। जबकि नियमों के अनुसार, सुरक्षित स्नान योग्य जल के लिए इसका मानक अधिकतम 3 द्वद्द/रु होना चाहिए। जांच में सामने आया कि उज्जैन का सदावल वेस्ट स्टेबलाइजेशन पॉन्ड निर्धारित मानकों का पालन करने में पूरी तरह विफल रहा है। 3 बड़े नाले का पानी शिप्रा में मिल रहा है, उज्जैन क्षेत्र के कुल 14 नालों में से 11 नालों को बंद करने का दावा किया गया है, लेकिन पीलियाखाल, हाटकेश्वर और भैरवगढ़ नाले आज भी बिना ट्रीटमेंट किया हुआ और जहरीला अपशिष्ट जल सीधे क्षिप्रा नदी में बहा रहे हैं।

नदी की इस दुर्दशा पर कड़ा संज्ञान लेते हुए एनजीटी ने कड़े कानूनी और सुधारात्मक निर्देश जारी किए हैं, जिसमें सीवेज पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के लिए नगर निगम उज्जैन और जिला कलेक्टर उज्जैन को सख्त आदेश दिया गया है कि किसी भी परिस्थिति में किसी भी जलस्रोत या गंदे पानी का डिस्चार्ज नहीं होना चाहिए।

राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को निर्देश दिए गए हैं कि वे प्रत्येक 15 दिन के अंतराल पर नदी और नालों का अनिवार्य रूप से निरीक्षण करें। यदि किसी भी स्तर पर नियमों का उल्लंघन पाया जाता है, तो प्रदूषण बोर्ड को तत्काल कड़ी दंडात्मक कार्रवाई करने तथा दोषी अधिकारियों व संस्थाओं से पर्यावरण मुआवजा वसूलने के भी आदेश दिए गए हैं।

## सिंहस्थ की तैयारी: कंठाल चौराहा पूरी तरह बंद, कोयला फाटक-गोपाल मंदिर रोड का होगा चौड़ीकरण

**दैनिक इंदौर संकेत**



**उज्जैन** • सिंहस्थ को देखते हुए कोयला फाटक से गोपाल मंदिर तक चौड़ीकरण के लिए मंगलवार से कंठाल चौराहे पर यातायात व्यवस्था में महत्वपूर्ण बदलाव किया गया है। कंठाल चौराहे को पूरी तरह से आवागमन के लिए बंद कर दिया गया है। सिंहस्थ के मद्देनजर कंठाल चौराहे पर विकास एवं चौड़ीकरण काम किया जा रहा है। इसके चलते यहां से गुजरने वाले वाहनों को वैकल्पिक मार्गों से निकाला जा रहा है। चौराहा बंद होने के बाद वाहनों को आर्य समाज मार्ग, क्षीर सागर मार्ग, निजातपुरा, बियाबानी चौराहा होते हुए निकास चौराहा, बड़ा तेलीवाड़ा मार्ग सहित अन्य निर्धारित मार्गों से डायवर्ट किया गया है। यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखने के लिए इन मार्गों पर आवश्यक दिशा-सूचक और बैरिकेडिंग की व्यवस्था की गई है।

नगर निगम और यातायात विभाग के अधिकारियों ने नागरिकों से अपील की है कि निर्माण कार्य के दौरान कंठाल चौराहे की ओर जाने से बचें और निर्धारित वैकल्पिक मार्गों का ही उपयोग करें।

## शिप्रा प्रदूषण पर देवास प्रशासन सख्त, उद्योगों की निगरानी तेज

**दैनिक इंदौर संकेत**

**देवास** • शिप्रा नदी में मिल रहे प्रदूषित पानी को लेकर प्रशासन ने उद्योगों की निगरानी फिर तेज कर दी है। मंगलवार को इंडस्ट्री एरिया स्थित नवीन फ्लुओरीन कंपनी का प्रशासन, प्रदूषण नियंत्रण विभाग और नगर निगम की संयुक्त टीम ने निरीक्षण किया। अधिकारियों ने कंपनी प्रबंधन के साथ बैठक कर प्रदूषण नियंत्रण की व्यवस्थाओं की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसडीएम अभिषेक शर्मा ने बताया कि निरीक्षण का उद्देश्य यह देखना था कि कंपनी में प्रदूषण नियंत्रण को लेकर किस तरह की व्यवस्थाएं की जा रही हैं और शिप्रा को प्रदूषण से बचाने में कंपनी किस तरह सहयोग कर सकती है। कंपनी में ईटीपी (एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट) संचालित होने की जानकारी दी गई है। एसडीएम ने बताया कि कुछ दिन पहले भी एक टीम ने कंपनी का निरीक्षण किया था। इस दौरान प्रदूषण से संबंधित नमूने लिए गए थे, जिनकी जांच अभी जारी है। जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।गौरतलब है कि पिछले दिनों उज्जैन से आए साधु-संतों ने शिप्रा नदी में मिल रहे प्रदूषित पानी को लेकर देवास क्षेत्र का निरीक्षण किया था।

## महाकाल मंदिर में आकार लेने लगा 1000 साल पुराना मंदिर, 6 साल पहले खुदाई में निकला था

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** • महाकालेश्वर मंदिर परिसर में 6 साल पहले खुदाई के दौरान मिले करीब एक हजार साल पुराने मंदिर के अवशेषों से अब उसी शैली में मंदिर का पुनर्निर्माण किया जा रहा है। मंदिर का आधार लगभग तैयार हो चुका है। इसे 2027 के अंत तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। फिलहाल रोजाना करीब 28 कारीगर काम में जुटे हैं।

### 2020 में खुदाई के दौरान मिले थे अवशेष

महाकाल मंदिर विस्तारीकरण के पहले चरण के दौरान मई 2020 में खुदाई की जा रही थी। मंदिर के सामने करीब 25 से 30 फीट नीचे खुदाई करने पर प्राचीन मंदिर का ढांचा सामने आया था। यहां मंदिर का आधार भाग, प्राचीन शिवलिंग, नंदी, गणेश, मां चामुंडा और शार्दुल की मूर्तियां मिली थीं। इसके बाद खुदाई रोक दी गई थी। पुरातत्व विशेषज्ञों ने अवशेषों को परमारकालीन बताया था।

### 37 फीट ऊंचा होगा मंदिर

महाकाल मंदिर परिसर में मुख्य मंदिर के शिखर के सामने बन रहे इस प्राचीन शैली के शिव मंदिर की ऊंचाई करीब 37 फीट होगी। निर्माण पर लगभग 65 लाख रुपए खर्च होने का अनुमान है। पुरातत्व विशेषज्ञों की देखरेख में काम शुरू हो चुका है और इसे करीब एक साल में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

राजस्थान से बुलाए गए कारीगर

मंदिर निर्माण के लिए राजस्थान से विशेषज्ञ कारीगर बुलाए गए हैं। खुदाई के दौरान मिले पुराने पत्थरों का उपयोग किया जा रहा है। जहां मूल पत्थर उपलब्ध नहीं हैं, वहां राजस्थान से बेसाल्ट पत्थर मंगवाकर उन्हें प्राचीन मंदिर की शैली के अनुरूप आकार दिया जा रहा है।

### पुराने अवशेषों को जोड़कर तैयार हो रहा ढांचा

विशेषज्ञों ने खुदाई में मिले स्तंभ, कुंभ भाग, आमलक समेत अन्य स्थापत्य अवशेषों का वर्गीकरण कर उनकी नंबरिंग की है। इससे निर्माण के दौरान प्रत्येक अवशेष को उसके मूल स्थान के अनुरूप स्थापित किया जा सके। इस तरह प्राचीन अवशेषों को जोड़कर मंदिर को उसके मूल स्वरूप के करीब तैयार किया जा रहा है।

## छात्राओं के प्रदर्शन के बाद बदला फैसला, सराफा गर्ल्स स्कूल दाऊदखेड़ी शिफ्ट नहीं होगा

**दैनिक इंदौर संकेत**



**उज्जैन** • सराफा कन्या विद्यालय को दाऊदखेड़ी शिफ्ट करने का फैसला प्रशासन ने वापस ले लिया है। कलेक्टर कार्यालय में छात्राओं के प्रदर्शन और स्कूल में छात्राओं की संख्या घटने के बाद मंगलवार को जनप्रतिनिधि और अधिकारी स्कूल पहुंचे। अब नई और उपयुक्त बिल्डिंग की व्यवस्था होने तक सराफा गर्ल्स स्कूल वर्तमान भवन में ही संचालित होगा। स्कूल को दाऊदखेड़ी शिफ्ट करने की बात सामने आने के बाद छात्राओं ने इसका विरोध किया था। उनका कहना था कि नई जगह दूर होने के कारण कई अभिभावक बेटियों को वहां भेजने के लिए तैयार नहीं हैं। वहीं, लड़के-लड़कियों के साथ पढ़ने की व्यवस्था को लेकर भी कुछ परिवारों को आपत्ति थी। छात्राओं को डर था कि इससे उनकी पढ़ाई छूट सकती है। स्थानांतरण के आदेश के बाद स्कूल में छात्राओं की संख्या में बड़ी गिरावट आई। पहले यहां करीब 580 छात्राएं थीं, जो घटकर 415 रह गईं। यानी 165 छात्राओं की संख्या कम हुई। कक्षा 9वीं में भी छात्राओं की संख्या 180 से घटकर करीब 120 रह गई। फिलहाल कक्षा 9वीं में तीन सेक्शन संचालित किए जा रहे हैं। विधायक, कलेक्टर रोशन कुमार सिंह, सांसद अनिल फिरोजिया और नगर निगम सभापति कलावती यादव समेत अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी छात्राओं से बातचीत करने स्कूल पहुंचे। विधायक ने छात्राओं के आंदोलन और एकजुटता की सराहना की। उन्होंने कहा कि सरकार चाहती है कि बेटियां अच्छी शिक्षा हासिल करें और आत्मनिर्भर बनें। कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने कहा कि छात्राओं की पढ़ाई छूटने की चिंता गंभीर है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी इस विषय को लेकर संवेदनशील हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि छात्राओं की शिक्षा प्रभावित नहीं होने दी जाएगी। सांसद अनिल फिरोजिया ने बताया कि उन्हें छात्राओं के आंदोलन की जानकारी मीडिया के माध्यम से मिली थी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण और सामान्य परिवारों के लिए बेटियों को दूर स्कूल भेजना आसान नहीं होता और ऐसी स्थिति में उनकी पढ़ाई छूटने का खतरा रहता है। सांसद ने बताया कि उन्होंने मुख्यमंत्री से भी इस विषय पर बात की है। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद तय किया गया कि नई बिल्डिंग या उपयुक्त वैकल्पिक व्यवस्था होने तक छात्राएं सराफा स्कूल में ही पढ़ेंगी। स्कूल के आसपास नई जगह तलाशने का प्रयास किया जा रहा है।

# सीएम हेल्पलाइन की शिकायत से भड़की प्राचार्य ने कहा क्या मुख्यमंत्री ढूंढना आएंगे सर्टिफिकेट

निलेश चौहान : 94250-77209

## माइग्रेशन सर्टिफिकैट नहीं देने पर छात्र ने की थी प्राचार्य की शिकायत









**देपालपुर • दैनिक इंदौर संकेत** शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में माइग्रेशन सर्टिफिकेट को लेकर छात्र और प्राचार्य के बीच विवाद की स्थिति बन गई विवाद के बाद प्राचार्य के खिलाफ छात्रों ने स्कूल में जमकर प्रदर्शन किया। जानकारी मैं आपको बता दें समीन डागर ने आरोप लगाया है। कि लगातार माइग्रेशन सर्टिफिकेट को लेकर वह प्राचार्य से मांग कर रहे थे। लेकिन बार-बार प्राचार्य सपना भदोरिया द्वारा उन्हें तारीख पर तारीख दी जा रही थी जिससे आहत होकर समीन डागर ने प्राचार्य के खिलाफ सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज करा दी। शिकायत की जानकारी मिलने के बाद प्राचार्य ने छात्र पर शिकायत वापस लेने का दबाव बनाया इसी बीच छात्र और प्राचार्य का एक ऑडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरस हुआ इतना ही नहीं प्राचार्य ने छात्रा से कहा क्या तेरा माइग्रेशन ढूंढने मुख्यमंत्री आएंगे, क्या मुख्यमंत्री ढूंढ कर देगा तेरा माइग्रेशन में क्या करूं, तुम बहुत नेता बन रहे हो इतना ही नहीं प्राचार्य ने छात्रा से कहा शिकायत वापस लेने पर ही माइग्रेशन सर्टिफिकेट दिया जाएगा छात्र ने शिकायत वापस लेने से इनकार कर दिया। प्राचार्य ने 21 दिन बाद माइग्रेशन सर्टिफिकेट देने की बात कही इस बात की जानकारी छात्र नेताओं को लगी तो उन्होंने प्राचार्य के खिलाफ स्कूल में प्रदर्शन कर दिया बड़ी संख्या में छात्र नेता और स्कूल के छात्रों ने प्राचार्य सपना भदोरिया के इस्तीफ़े की मांग कर दी। मामला बढ़ता देख क्षेत्रीय थाना प्रभारी और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे छात्रों ने अधिकारियों के समक्ष भी प्राचार्य पर कहीं गंभीर आरोप लगाए हैं। प्राचार्य की भाषा शैली अभद्र वाली रहती है इतना ही नहीं क्लर्क के बिना साइन करे प्राचार्य ने वेतन आहरण किया है। और भी कहीं गंभीर आरोप छात्रों ने प्राचार्य पर लगाए लेकिन प्राचार्य का रवैया छात्रों के प्रति अकड़ वाला रहा है। प्राचार्य कहने लगी तुम क्या मेरा इस्तीफा मांगते हो मैं खुद ही पांच सात दिनों में ट्रांसफर होकर चली जाऊंगी।

छात्र नेताओं ने अधिकारियों को सपना भदोरिया के खिलाफ ज्ञापन दिया है और कहा कि जांच कर दोषी प्राचार्य के खिलाफ कठोर और कानूनी कार्यवाही की जाए तहसीलदार ने भी छात्रों को आश्वासन देते हुए जांच की बात कही और उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

इससे स्पष्ट प्रतीत होता है कि अधिकारी तो ठीक है। प्राचार्य को मुख्यमंत्री से भी डर नहीं लगता है। वह उस ऑडियो में मुख्यमंत्री के नाम का स्पष्ट प्रयोग कर रही है। जिससे ऐसा लगे कि मेरी शिकायत कहीं भी कर दो मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता है। लेकिन अब देखना होगा उच्च अधिकारी और शिक्षा विभाग इस मामले में क्या संज्ञान लेता है और क्या कार्रवाई करता है।

प्राचार्य सपना भदोरिया का विवादों से पुराना नाता रहा है विश्वसनीय सूत्र बताते हैं कि सांवेर में भी प्राचार्य सपनों भदोरिया रही है लेकिन किसी भी कर्मचारी अधिकारियों से इनकी पटरी नहीं बैठी इतना ही नहीं देपालपुर में भी एक शिक्षक से इन्होंने विवाद किया था उसमें कहा गया था कि मैं भी भदोरिया हूं किसी के भरोसे देपालपुर नौकरी करने नहीं आती हूं। उस मामले में भी शिक्षकों ने बीच बचाव कर मामले को शांत किया था।

परेशानी...



उज्जैन। नागपंचमी पर आस्था का सैलाब उमड़ा : जूते-चप्पलों का लगा पहाड़, दर्शन के बाद जूता स्टैंड तक नहीं पहुंच पाए श्रद्धालु, जेसीबी से हटाने पड़े जूते-चप्पल।

# 20 करोड़ की सरकारी जमीन का बन गया फर्जी नामांतरण आदेश

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर •** इंदौर की सांवेर तहसील के चित्तौड़ा गांव में करीब 20 करोड़ रुपए से अधिक कीमत की सरकारी जमीन के नामांतरण का फर्जी आदेश सामने आया है। जमीन लंबे समय से निजी नाम पर दर्ज है और इस पर प्राथमिक कृषि साख समिति से कर्ज भी लिया गया है। इंदौर की सांवेर तहसील के चित्तौड़ा गांव की एक सरकारी जमीन लंबे समय से निजी व्यक्ति के नाम पर दर्ज है। मामला तब और गंभीर हो गया, जब यह जमीन किसी दूसरे व्यक्ति को बेच दी गई। जमीन खरीदने वाले ने नामांतरण के लिए नायब तहसीलदार के पास आवेदन दिया। लेकिन हैरानी की बात यह रही कि आवेदन पर कार्रवाई होने से पहले ही नामांतरण का फर्जी आदेश तैयार कर लिया गया।

जुलाई 2025 में सांवेर के नायब तहसीलदार सीएल टाक के नाम से एक नामांतरण आदेश जारी किया गया। आदेश में लिखा था कि तेजूबाई ने 1.456 हेक्टेयर जमीन राजेश वर्मा से खरीदी है।

रिकॉर्ड में जमीन खरीदने की तारीख 24 जून 2021 बताई गई। साथ ही यह भी लिखा गया कि तेजूबाई ने जमीन अपने नाम कराने के लिए आवेदन दिया था और उसका आवेदन मंजूर कर लिया गया। लेकिन जांच में यह नामांतरण आदेश फर्जी निकला।

तहसीलदार सीएल टाक ने साफ कहा कि जुलाई 2025 में जारी किया गया नामांतरण आदेश फर्जी है। उन्होंने बताया कि यह जमीन सरकारी रिकॉर्ड में दर्ज है और पहले हरिजन संस्था के नाम पर रही है। जमीन का रिकॉर्ड दुरुस्त कराने और इसे दोबारा सरकारी दर्ज कराने के लिए फाइल उच्च स्तर पर भेजी गई है। तहसीलदार के मुताबिक, फर्जी नामांतरण आदेश तैयार कर जमीन की खरीदी-बिक्री करने की कोशिश की जा रही है।

### फर्जी आदेश

असल में इस मामले का असली आदेश 6 अक्टूबर 2025 को जारी हुआ था और केस नंबर भी वही था। आदेश में साफ लिखा गया कि तेजूबाई और राजेश वर्मा दोनों ही कोर्ट में पेश नहीं हुए। पटवारी की रिपोर्ट में सामने आया कि यह जमीन साल 1956 से सरकारी रिकॉर्ड में दर्ज रही है। इसके अलावा जमीन सहकारी समिति में बंधक है और उस पर कर्ज भी चल रहा है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि जमीन अहस्तांतरणीय है, यानी इसे बेचा या ट्रांसफर नहीं किया जा सकता। इसी आधार पर नामांतरण की मांग खारिज कर दी गई।

# गणेश उत्सव-नवरात्रि से पहले पीओपी की मूर्तियों पर रोक, सिर्फ मिट्टी की प्रतिमाएं ही बिकेंगी

इंदौर संकेत प्रतिनिधि



**इंदौर •** गणेश उत्सव और नवरात्रि से पहले इंदौर में मूर्ति निर्माण को लेकर प्रशासन ने बड़ा फैसला लिया है। जिले में अब केवल पारंपरिक मिट्टी से बनी गणेश और दुर्गा प्रतिमाओं का ही उत्पादन और विक्रय किया जा सकेगा।

प्लास्टर ऑफ पेरिस (क्ष्क्क) अथवा अन्य रासायनिक पदार्थों से बनी प्रतिमाओं के निर्माण, बिक्री, बाहर से लाने और जिले से बाहर ले जाने पर प्रतिबंध रहेगा। पर्यावरण संरक्षण को लेकर मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय में मूर्तिकारों की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशन में हुई बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी रोशन राय ने की। बैठक में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और मूर्तिकार संघ के प्रतिनिधि मौजूद रहे। प्रतिमाओं के निर्माण में पकी हुई मिट्टी, क्ष्क्क, केमिकल या अन्य रासायनिक पदार्थों के इस्तेमाल पर प्रतिबंध रहेगा। क्ष्क्क के विकल्प के रूप में कागज जैसी प्राकृतिक सामग्री के इस्तेमाल की सलाह दी गई है। प्रतिमाओं पर रंग करने के लिए भी केवल प्राकृतिक और गैर-विषाक्त रंगों का उपयोग किया जा सकेगा। रासायनिक और विषाक्त रंगों का इस्तेमाल पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि केवल इंदौर में क्ष्क्क की प्रतिमाएं बनाना ही प्रतिबंधित नहीं होगा, बल्कि क्ष्क्क या अन्य रासायनिक पदार्थों से बनी प्रतिमाओं को बाहर से इंदौर लाना और यहां से बाहर ले जाना भी प्रतिबंधित रहेगा

### उत्सव से पहले मूर्तिकारों को स्पष्ट निर्देश

गणेश चतुर्थी और नवरात्रि में बड़ी संख्या में प्रतिमाओं की स्थापना होती है। इसे देखते हुए प्रशासन ने मूर्तिकारों को अभी से पर्यावरण अनुकूल प्रतिमाओं के निर्माण के निर्देश दिए हैं। अधिकारियों ने कहा कि केंद्रीय और राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के साथ राष्ट्रीय हरित अधिकरण की गाइडलाइन का पालन अनिवार्य रूप से किया जाए। मूर्तिकारों से कहा गया कि भगवान श्री गणेश और माता दुर्गा की प्रतिमाओं के निर्माण में प्राकृतिक सामग्री और पारंपरिक मिट्टी का ही उपयोग किया जाए।

# महिलाओं की 'नो किड्स' की चाहत बन रही रिश्तों में विवाद की वजह

### कॅरियर और आर्थिक दबाव के चलते परिवार में बढ़ रही

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**भोपाल •** मप्र के फैमिली कोर्ट में ऐसे मामले सामने आ रहे हैं, जहां पति-पत्नी के बीच विवाद की वजह संपत्ति, दहेज या घरेलू कलह नहीं, बल्कि 'बच्चा चाहिए या नहीं' बन रहा है। कई महिलाएं स्पष्ट रूप से कह रही हैं कि वे मां नहीं बनना चाहतीं। इसके सबसे बड़ी वजह कॅरियर की चिंता है। इसके अलावा आर्थिक दबाव, जिम्मेदारी का बोझ और बच्चों के भविष्य को लेकर चिंता जैसे कारण शामिल हैं। वर्तमान में भोपाल में ऐसे पांच और इंदौर में आठ मामले विचाराधीन हैं। वहीं, भोपाल में एनजीओ में 1 कार्यरत महिला और बैंकर पति ने 2015 में लव मैरिज की थी। महिला ने शादी के समय बच्चा न करने की शर्त रखी थी। पति ने तब हां कह दी, लेकिन बाद में बच्चे की इच्छा जताने लगा। 2022 में विवाद इतना बढ़ा कि दोनों अलग रहने लगे और बीते हफ्ते तलाक ले लिया। इंदौर में अपना घर न कंसीव करने से इंकार कर दिया। विवाद कोर्ट में है। महिला ने कहा कि वह 'बच्चे पल ही जाते हैं', 'भगवान सबकी व्यवस्था करके भेजता है' जैसे जुमलों में यकीन नहीं करती। न खुद का घर है और न बच्चे के लिए पर्याप्त सेविंग, इसलिए वह तैयार नहीं है।

# बदहाल ट्रैफिक पर इंदौर हाईकोर्ट नाराज, स्थिति नहीं सुधरी तो पीएस को बुलाने की कही बात

इंदौर संकेत प्रतिनिधि




**इंदौर •** इंदौर का ट्रैफिक सुधरने का नाम नहीं ले रहा है। साल 2019 से जनहित याचिकाएं चल रही है। कई निर्देश के बाद भी स्थिति नहीं सुधरी है। इस पर हाईकोर्ट इंदौर ने मंगलवार को सुनवाई में नाराजगी जाहिर की और वरिष्ठ अधिकारियों को बुलाने के संकेत दिए।

इंदौर हाईकोर्ट जस्टिस सुबोध अभ्यंकर और जस्टिस आलोक अवस्थी की बेंच में एक बार फिर ट्रैफिक संबंधी विविध याचिकाओं पर सुनवाई हुई। इसमें फिर एक बार बदहाली की पोल खुली। खुद बेंच ने ही अपने अनुभव बता दिए और कहा कि यहां वाहन चालक रेड सिग्नल को भी नहीं मान रहा है। यह भी संकेत दिए कि स्थिति नहीं सुधरी को प्रमुख सचिव गृह विभाग व अन्य अधिकारियों को फिर तलब किया जाएगा।

**जस्टिस अभ्यंकर ने सुनाया अपना अनुभव**-सुनवाई के दौरान जस्टिस सुबोध अभ्यंकर ने इंदौर की सड़कों पर अपने स्वयं के अनुभव बताए। उन्होंने बताया कि खुलेआम रेड लाइट का उल्लंघन होने के बावजूद उल्लंघनकर्ताओं के विरुद्ध यातायात पुलिस द्वारा कोई प्रभावी कार्रवाई होती दिखाई नहीं देती। उन्होंने बताया कि एक मोटरसाइकिल चालक रेड लाइट का उल्लंघन करते हुए सड़क पार कर आया और अपनी मोटरसाइकिल उनकी कार के ठीक बगल में लाकर खड़ी कर दी।

**तो प्रमुख सचिव (गृह) को बुला सकते हैं**-बेंच ने स्पष्ट संकेत दिया कि यह स्थिति अनिश्चितकाल तक जारी नहीं रह सकती। बेंच ने कहा कि यदि यातायात पुलिस की कार्यप्रणाली में सुधार नहीं होता है तो मध्यप्रदेश शासन के प्रमुख सचिव, गृह विभाग को व्यक्तिगत रूप से न्यायालय में उपस्थित होने के लिए कहा जा सकता है। एडिशनल डीसीपी (ट्रैफिक), इंदौर विक्रम सिंह रघुवंशी को व्यक्तिगत रूप से स्पष्टीकरण देने के लिए बुलाया गया। यातायात विभाग को अपनी स्वीकृत पद संख्या, वास्तविक उपलब्ध बल, रिक्त पदों तथा कुल स्टाफ की कमी का विस्तृत विवरण भी जवाब में प्रस्तुत करने को कहा गया।

### साल 2019 से चल रहा ट्रैफिक का मामला

बेंच ने ड्ड.क्र हश्र. 12234/2019 व अन्य लिंक जनहित याचिकाओं में सुनवाई करते हुए इंदौर ट्रैफिक पर चिंता जाहिर की। याचिकाकर्ता राजलक्ष्मी फाउंडेशन की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अजय बगड़िया के साथ अधिवक्ता शिरीन सिलावट उपस्थित हुए।

# मूसाखेड़ी ब्रिज : जनता अब भी जाम और इंतजार की मार झेल रही

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर •** मूसाखेड़ी ब्रिज निर्माण परियोजना में आखिरकार स्टील गर्डर लगाने का काम शुरू हो गया है। चौराहे पर विशाल स्टील स्पान डाला जा रहा है, लेकिन छह माह से बंद पड़े इस महत्वपूर्ण मार्ग के कारण आम नागरिक, वाहन चालक और व्यापारी लगातार परेशानियों का सामना कर रहे हैं। रोजाना लगने वाले जाम ने लोगों की दिनचर्या बिगाड़ दी है, जबकि बाजार क्षेत्र के व्यापारियों को आगामी त्योहारी सीजन प्रभावित होने की चिंता सता रही है। ब्रिज निर्माण के चलते चौराहे का मुख्य रास्ता बंद है और लोगों को आने-जाने के लिए करीब डेढ़ किलोमीटर का अतिरिक्त चक्कर लगाना पड़ रहा है। इससे न केवल समय और ईंधन की बर्बादी हो रही है, बल्कि आसपास की सड़कों पर भी दबाव बढ़ गया है। सुबह और शाम के समय हालात सबसे ज्यादा खराब रहते हैं, जब वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं। स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि काम की सुस्त रफ्तार ने उनके कारोबार पर सीधा असर डाला है। पहले ही दो बार निर्माण की समय सीमा समाप्त हो चुकी है, लेकिन काम अब तक पूरा नहीं हो पाया। त्योहारी खरीदारी का मौसम शुरू होने वाला है और यदि जल्द राहत नहीं मिली तो भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। हालांकि अब स्टील गर्डर लगाने का काम शुरू होने से निर्माण एजेंसी दावा कर रही है कि काम अंतिम चरण में है, लेकिन मौके पर काम की गति देखकर लोगों को जल्द पूरा होने की उम्मीद कम ही दिखाई दे रही है। नागरिकों का कहना है कि हर बार नई तारीखें और नए दावे किए जाते हैं।

# सीएम के मंच से लौटे महामंत्री रणदिवे : बोले- व्यक्ति का न सही, पद का प्रोटोकॉल तो रखिए

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर •** इंदौर में 16 अगस्त को नगर निगम के विकास कार्यों के लोकार्पण और अटल पथ पर प्रतिमा स्थापना के भूमि पूजन कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश महामंत्री गौरव रणदिवे के अचानक चले जाने को लेकर सियासी चर्चाएं शुरू हो गई हैं। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव समेत कई मंत्री, सांसद, विधायक और भाजपा पदाधिकारी मौजूद थे।

रणदिवे कार्यक्रम में पहुंचे और मंच पर गए। मुख्यमंत्री के साथ मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, तुलसी सिलावट, सांसद शंकर लालवानी, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक मालिनी गौड़, रमेश मेंदोला, गोलू शुक्ला, मधु वर्मा और भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा सहित कई जनप्रतिनिधि मंच पर मौजूद थे। रणदिवे ने डायस के पीछे खड़े होकर सभी के साथ वंदे मातरम् गाया। इसके कुछ देर बाद वे मंच से नीचे उतरे और कार्यक्रम छोड़कर चले गए।

रणदिवे के अचानक जाने के बाद भाजपा के भीतर ही अलग-अलग चर्चाएं शुरू हो गईं। कार्यक्रम में एमआईसी सदस्य और कई पार्षद भी मौजूद थे। कुछ भाजपा नेताओं ने उन्हें बाहर जाते देखा, लेकिन मुख्यमंत्री की मौजूदगी के कारण उस समय किसी को घटनाक्रम की वजह समझ नहीं आई। किसी ने माना कि रणदिवे को कहीं जाना था तो कुछ लोगों ने मंच पर उनके लिए कुर्सी की व्यवस्था नहीं होने की बात कही। हालांकि, इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

## नगर अध्यक्ष ने कहा- उन्हें यात्रा में जाना था



### उसी दिन पोस्टर को लेकर भी चर्चा

रणदिवे के कार्यक्रम से जाने का घटनाक्रम ऐसे समय हुआ, जब विधानसभा-3 में उनकी धार्मिक यात्रा से जुड़ा एक पोस्टर भी चर्चा में था। पोस्टर क्षेत्रीय विधायक गोलू शुक्ला के क्षेत्र में लगाया गया था।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक : **अक्षय तिवारी** द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमि. 44-45/ए, 50-51/ए, सेक्टर एफ इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड़, इंदौर (मप्र)- 452008 से मुद्रित एवं 5/6, नार्थ राजमोहल्ला (गुरूद्वारे के सामने), इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। **आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650**
सभी विवादों के लिए न्याय क्षेत्र केवल इंदौर रहेगा। समाचार पत्र में व्यक्तिगत नाम से प्रकाशित खबर एवं आलेख के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।